www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक – 87 । नर्मदापुरम, मंगलवार 24 जून 2025। पृष्ठ–8। मूल्य – 2.00 रुपए

70 दिन बाद दर्ज हुई एफआईआर, वेयरहाउस मैनेजर और ड्राइवर फरार — पृष्ठ 2
इमरजेंसी के पचास साल : मीडिया या तानाशाही की आंखों पर बंधी पट्टी — पृष्ठ 4
व्हाट्सएप कॉल किया और ठग ने मोबाइल हैक कर निकाल लिए 7 लाख रुपए — पृष्ठ 5
डॉ. मुखर्जी के बलिदान से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा: डॉ. यादव — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### एयर इंडिया विमान को आपात स्थिति में उतारा गया

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के विमानों में तकनीकी खराबी की घटनाएँ कम नहीं हो रहीं हैं और सोमवार को दिल्ली से जम्मू जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में तकनीकी समस्या आने के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद वापस उतारना पड़ा। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि सोमवार 23 जून को दिल्ली से जम्मू के लिए संचालित होने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स 2564 को उड़ान भरने के बाद वापस दिल्ली उतारना पड़ा। उन्होंने कहा कि तकनीकी समस्या के कारण मूल विमान के दिल्ली लौटने के बाद हमारी दिल्ली–जम्मू उड़ान को संचालित करने के लिए एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की गई।

### केरल के पूर्व मुख्यमंत्री अच्युतानंदन अस्पताल में भर्ती

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वी.एस. अच्युतानंदन को सोमवार सुबह दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि श्री अच्युतानंदन की स्वास्थ्य स्थिति संतोषजनक है और फिलहाल उनका पट्टम एसयूटी अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष में इलाज चल रहा है। श्री अच्युतानंदन इन दिनों स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण यहां अपने बेटे अरुण कुमार के आवास पर आराम कर रहे थे। वह 2006 से 2011 तक केरल के मुख्यमंत्री रहे तथा 1992–1996, 2001–2006 और 2011–2016 के दौरान विपक्ष के नेता भी रहे। वह मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के संस्थापक नेताओं में से हैं।

### भारत-फ्रांस की सेनाएं कर रही ड्रोन-रोधी प्रशिक्षण

**नई दिल्ली।** भारत और फ्रांस की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास 'शक्ति' इस समय फ्रांस के कैंप लारजैक, ला कावेलरी में पूरी गति से जारी है। भारत व फ्रांस यहां अपने अत्याधुनिक हथियारों से कॉम्बैट व गोलाबारी का अभ्यास कर रहे हैं। यहां आधुनिक हवाई खतरों से निपटने के लिए दोनों पक्षों ने मिलकर ड्रोन–रोधी तकनीक पर भी प्रशिक्षण लिया। इस अभ्यास में आक्रामक ड्रोन को निष्क्रिय करने वाले अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म्स का लाइव प्रदर्शन किया गया है।

### देश में कोरोना के सक्रिय मामलों में आई कमी

**नई दिल्ली।** देश में पिछले कुछ दिनों से कोरोना के सक्रिय मामलों में लगातार कमी आने से सोमवार को इनकी संख्या घटकर 4425 रह गई और इस बीमारी से ठीक होने मरीजों की कुल संख्या बढ़कर 20947 पहुंच गई। पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण से छत्तीसगढ़ में एक और मरीज की मौत होने के साथ देश में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 124 हो गया। 22 मई को देश में कोरोना के सिर्फ़ 257 मामले सक्रिय थे।

### लालू प्रसाद ने अध्यक्ष पद के लिए भरा नामांकन

**पटना, देशबन्धु।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन कर दिया है। लालू यादव राजद कार्यालय पहुंचे और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। उनका फिर से राजद का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। राजद के सांगठनिक सत्र 2025–2028 के लिए यह नामांकन किया गया है। लालू के नामांकन दाखिल करने के दौरान उनके साथ राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, अब्दुल बारी सिद्दीकी, मीसा भारती सहित राजद के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। राजद पार्टी के गठन के बाद से ही लालू यादव ही पार्टी के अध्यक्ष हैं। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लालू यादव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा है। पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता लालू यादव के नामांकन को लेकर खुशी जता रहे हैं। वे 12 बार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर पूरा कर चुके हैं। यह 13वीं बार के लिए उन्होंने नामांकन भरा है। हम सभी लोगों को इसकी खुशी है। लालू यादव के खिलाफ अब तक किसी और ने नामांकन नहीं दाखिल किया है, जिससे यह तय माना जा रहा है कि वे एक बार फिर से राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता अब्दुल बारी सिद्दीकी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि लालू यादव ही अगले राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे। बताया गया कि राजद द्वारा आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा पांच जुलाई को की जाएगी। राजद की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक पांच जुलाई को होनी है।

---

### इजराइल-ईरान के एक-दूसरे पर घातक हमले

# ईरान के समर्थन में आया रूस

**▶ रूसी पुतिन बोले, तेहरान को हरसंभव मदद देंगे**

**मास्को, एजेंसी।** इजराइल और ईरान के बीच 10 दिनों से चल रहे संघर्ष के चलते आज दुनिया में तीसरे विश्व युद्ध का खतरा बढ़ गया है। वहीं ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद रूस ने सोमवार को ईरान को हरसंभव मदद देने का वादा किया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बढ़ते तनाव के बीच सोमवार रूस ने कहा है कि वह ईरान को हर तरह की मदद देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि ईरान को किस तरह की मदद चाहिए, यह फैसला तेहरान को करना है।

रूस ने ईरान और इस्राइल के बीच चल रहे तनाव को लेकर भी अपना पक्ष साफ किया है। पेसकोव ने कहा कि रूस का यह रुख भी ईरान के लिए समर्थन का एक अहम तरीका है। उन्होंने कहा कि हमने इस मुद्दे पर खुलकर अपना पक्ष दुनिया के सामने रखा है। यह भी ईरान के प्रति हमारे समर्थन का संकेत है। पेसकोव ने यह भी बताया कि हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बातचीत में ईरान का मुद्दा कई बार उठा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन और ट्रंप की हाल की बातचीत में ईरान का जिक्र कई बार हुआ है।

इधर इजरायली हवाई हमलों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरान ने सोमवार को इजरायल पर हवाई हमलों की झड़ी लगा दी जिससे दक्षिणी इजरायल में हजारों इजरायलियों को भूमिगत बंकरों में जाने के लिए मजबूर होना पड़ा जबकि एक ईरानी मिसाइल के हमले में बिजली ग्रिड बाधित होने की खबर है। द टाइम्स आफ इजरायल के मुताबिक हमलों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और अधिकांश बुनियादी ढांचा सुरक्षित है लेकिन दक्षिणी इजरायल में बिजली

शेष पृष्ठ 8 पर....



#### पुतिन से मिले ईरान के विदेश मंत्री

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हुए अमेरिकी हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोमवार को मॉस्को में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात के दौरान इन हमलों को बेवजह बताया। पुतिन ने कहा कि आप ऐसे समय रूस आए हैं जब आपके देश और पूरे क्षेत्र में हालात काफी तनावपूर्ण हैं। उन्होंने अमेरिकी हमलों को गलत ठहराते हुए कहा कि रूस ईरानी जनता की हर संभवमदद करने की कोशिश कर रहा है।

#### खामेनेई ने व्लादिमीर पुतिन को लिखा पत्र

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने अपने विदेश मंत्री अब्बास अराघची को एक पत्र पुतिन को देने के लिए कहा है, जिसमें खुलकर समर्थन करने की मांग की है। रूस अभी तक जिस तरह से समर्थन कर रहा है वो ईरान को पसंद नहीं आ रहा है। खामेनेई के लिखे पत्र में कहा गया है कि पुतिन इजरायल और अमेरिकी के खिलाफ और ज्यादा खुलकर आगे आएं और समर्थन करें। हालांकि तेहरान किस तरह की सहायता चाहता है ये अभी साफ नहीं हुआ है।

#### इजरायल ने ईरान की जेल पर किया हमला

**तेल अवीव, एजेंसी।** ईरान की राजधानी तेहरान में एविन जेल पर इजरायली वायुसेना ने हमला किया है। ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, यह हमला जेल के प्रशासनिक, सुरक्षा और अदालत खंडों को निशाना बनाकर किया गया। इस जेल को लंबे समय से राजनीतिक दमन का प्रतीक माना जाता है। इजरायली हमले में एविन जेल के मुख्य द्वार क्षतिग्रस्त हो गये। फिलहाल, कैदी सुरक्षित हैं। इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कोर (आईआरजीसी) के आधिकारिक मीडिया तस्नीम समाचार ने बताया कि उत्तरी तेहरान के एविन पड़ोस में एक विद्युत फीडर पर हमला किया गया जिससे इलाके में बिजली की आपूर्ति ठप हो गई। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने आज कहा, अब इजरायली सेना तेहरान के बीचों–बीच ईरानी सरकार के प्रतिष्ठानों और दमन करने वाले कार्यालयों पर जबरदस्त हमला कर रही है। उन्होंने कहा है कि इजरायल पर हर हमले के बदले ईरानी तानाशाह को सजा दी जाएगी, और हमारी जवाबी कार्रवाई पूरी ताकत से जारी रहेगी।

#### ईरान अमेरिकी हमलों के बाद ले सकता है प्रतिशोध : गुटेरेस

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिका के हमलों के बाद चेताया कि ईरान इन हमलों का प्रतिशोध ले सकता है।श्री गुटेरेस ने संयुक्त सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में कहा कि ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमला पहले से संकटग्रस्त क्षेत्र को और खतरनाक मोड़ पर ले आया है। उन्होंने कहा, मैंने इजरायल–ईरान संघर्ष के आरंभ से ही पश्चिमी एशिया में सैन्य तनाव बढ़ने की बार–बार निंदा की है, क्योंकि वहां के लोग अब और विनाश नहीं झेल सकते। अब बदले की कार्रवाई का अंतहीन सिलसिला शुरू होने का खतरा है।

---

### 5 विधानसभा उपचुनाव के आए परिणाम

# आप ने 2 सीट जीती, भाजपा-कांग्रेस और तृणमूल 1-1 पर विजय

- **गुजरात के विसावदर, पंजाब के लुधियाना में आप जीती**
- **केरल में यूडीएफ उम्मीदवार को मिली जीत**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चार राज्यों की 5 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव का रिजल्ट आ चुका है। गुजरात की कडी सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र चावड़ा जीते। उन्होंने कांग्रेस के रमेश चावड़ा को हराया। विसावदर पर आम आदमी पार्टी के गोपाल इटालिया जीते। भाजपा के कीर्ति पटेल दूसरे नंबर पर रहे।

केरल में यूडीएफ उम्मीदवार कांग्रेस के आर्यदन शौकत को जीत मिली। उन्होंने सीपीआईएम के एम.स्वराज को हराया। पंजाब की लुधियाना वेस्ट आप के खाते में आई, यहां संजीव अरोड़ा जीते। कांग्रेस के भारत भूषण आसु दूसरे नंबर पर रहे।

पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर टीएमसी प्रत्याशी अलिफा अहमद जीतीं। उन्होंने भाजपा के आशीष घोष को हराया। इन सभी पांचों सीटों पर 19 जून को वोटिंग हुई थी। वहीं, कालीगंज सीट के लिए जारी काउंटिंग के बीच कृष्णानगर थाना क्षेत्र के बाराचंदगर इलाके में एक विस्फोट हुआ। घटना में 9 साल की बच्ची की मौत हो गई।

#### जीत से केजरीवाल गदगद, कहा- जनता ने भाजपा और कांग्रेस को नकारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों करारी हार झेलने के बाद आम आदमी पार्टी ने भाजपा के गढ़ गुजरात में विसावदर विधानसभा सीट पर जीत हासिल की है। इन दोनों सीट पर मिली जीत से पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल गदगद हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों सीट पर जनता ने भाजपा और कांग्रेस को नकार दिया है।



#### मैं राज्यसभा नहीं जा रहा: केजरीवाल

लुधियाना से संजीव अरोड़ा के चुनाव जीतने पर वे राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। उनकी खाली हुई राज्यसभा सीट पर अरविंद केजरीवाल के राज्यसभा जाने की अटकलें हैं। हालांकि, अरोड़ा के चुनाव जीतने के बाद दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल ने स्पष्ट किया कि पार्टी की ओर से राज्यसभा में किसे भेजा जाना है यह फैसला आप की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी लेगी, मैं राज्यसभा नहीं जा रहा हूं।

---

### प्रधानमंत्री से मुख्यमंत्री ने की मुलाकात, विकास कार्यों की जानकारी दी

# मध्यप्रदेश ने 4 शीर्ष राज्यों में स्थान बनाया

- प्रदेश के विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में शामिल होने दिया आमंत्रण



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट कर प्रदेश में चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

उन्हें मध्यप्रदेश में विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमि–पूजन कार्यक्रमों के लिए मध्यप्रदेश आने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि जल संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान्तर्गत खंडवा जिला भूगर्भ–जल भंडारण में पूरे देश में प्रथम आया है और मध्यप्रदेश ने शीर्ष चार राज्यों में स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि इस अभियान की प्रेरणा गुजरात सरकार से मिली है, जहाँ पुराने कुएं, बावड़ियों, नदी तटों का जीर्णोद्धार कर भूगर्भ–जल भंडारण के विशेष काम किये गये हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को अभियान के समापन कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से सम्मिलित होकर आशीर्वाद देने के लिए आमंत्रण दिया, जिसे प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सहर्ष स्वीकार किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में चार स्तंभों–गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के विकास की दिशा में चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने, खाद्य प्र–संस्करण इकाइयों को बढ़ावा देने और कृषि आधारित उद्योगों के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से 12–13–14 अक्टूबर को सीहोर जिले में 2 लाख से अधिक किसानों का वृहद सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी को इस

शेष पृष्ठ 8 पर..

---

### 4 राज्यों के मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव होंगे शामिल

## शाह की अध्यक्षता में क्षेत्रीय परिषद की बैठक आज वाराणसी में



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को वाराणसी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 25 वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में सदस्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ–साथ प्रत्येक राज्य से दो वरिष्ठ मंत्री भाग लेंगे। राज्यों के मुख्य सचिव और केन्द्र तथा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल होंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश राज्य शामिल हैं। बैठक का आयोजन गृह मंत्रालय में अंतर–राज्य परिषद सचिवालय और उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 की धारा 15 से 22 के अंतर्गत पांच क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गई थी। केंद्रीय गृह मंत्री इन पांचों क्षेत्रीय परिषदों के अध्यक्ष हैं। सदस्य राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उप–राज्यपाल और प्रशासक इनके सदस्य हैं जिनमें से सदस्य राज्यों से एक राज्य के मुख्यमंत्री (हर साल बारी–बारी से) उपाध्यक्ष होते हैं। प्रत्येक सदस्य राज्य से राज्यपाल द्वारा दो मंत्रियों को परिषद के सदस्य के रूप में नामित किया जाता है। प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद ने मुख्य सचिवों के स्तर पर एक स्थायी समिति का भी

---

### पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप

# सपा ने 3 विधायकों को पार्टी से निकाला

- **अभय सिंह, राकेश प्रताप व मनोज पांडे पर कार्रवाई**

**लखनऊ, एजेंसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप में अपने तीन विधायकों को बाहर का रास्ता दिख दिया है। इन विधायकों में गोशाईगंज से विधायक अभय सिंह, गौरीगंज से विधायक राकेश प्रताप सिंह और ऊंचाहार से विधायक मनोज कुमार पांडेय का नाम शामिल है। पार्टी ने अपने विधायकों के खिलाफ की गई इस कार्रवाई की जानकारी अपने सोशल मीडिया 'एक्स' हैंडल पर दी है।

सपा ने अपने एक्स हैंडल में कहा, समाजवादी सौहार्दपूर्ण सकारात्मक विचारधारा की राजनीति के विपरीत सांप्रदायिक विभाजनकारी नकारात्मकता और किसान, महिला, युवा, कारोबारी, नौकरीपेशा और 'पीडीए विरोधी' विचारधारा का साथ देने के कारण, समाजवादी पार्टी जनहित में इन विधायकों को पार्टी से निष्कासित करती है।

इन विधायकों पर आरोप है कि इन्होंने राज्यसभा चुनाव में सपा पार्टी के खिलाफ काम किया था। उस समय पार्टी विधायक होने के बावजूद उन्होंने भाजपा के पक्ष में क्रॉस वोटिंग की। हालांकि सपा के पास तीन उम्मीदवारों को राज्यसभा भेजने के लिए पर्याप्त संख्या बल था, लेकिन उसके कम से कम सात विधायकों की क्रॉस वोटिंग के कारण भाजपा सपा को नुकसान हुआ। इन विधायकों पर आरोप है कि ये राज्यसभा चुनाव के बाद से ही भाजपा के साथ घुलते–मिलते, उसके कार्यक्रमों में हिस्सा

शेष पृष्ठ 8 पर...

---

### बस की खिड़की से बाहर झांक रहे बच्चे को पिकअप ने मारी टक्कर

# धड़ से अलग हो गया सिर, कटे हुए शरीर को जोड़ता रह गया पिता

**हाथरस, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में एक 11 साल के मासूम बच्चे का सिर धड़ से अलग हो गया। बताया जा रहा है कि बच्चा एक बारात की बस में सफर कर रहा था।

सफर के दौरान बच्चे ने अपना सिर बस की खिड़की से बाहर निकाला, तभी बच्चा एक पिकअप वाहन की चपेट में आ गया। पिकअप वाहन की टक्कर से बच्चे का सिर कटकर नीचे सड़क पर गिर गया और बच्चे का धड़ बस के अंदर सीट पर तड़पता रहा।

**नजारा देख सहम गए लोग:** यह नजारा देख बस के अंदर से लेकर बाहर तक लोग सहम गए। बस में सवार अन्य बारातियों ने जैसे ही यह नजारा देखा तो वे चीखने–चिल्लाने लगे और बस को रुकवाया। बस के रुकते ही पिता उतरकर भागा। पिता ने बेटे का कटा सिर सड़क से उठाया और बदहवास हालत में जमीन पर बैठ गया। वहीं मासूम बच्चे का चाचा कटे सिर को तौलिये से ढककर रोता रहा। हादसे के आगे बेबस एक पिता और बच्चे का चाचा मासूम बच्चे के कटे सिर को धड़ से जोड़ते रहे। मामला हाथरस के हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के कैलोर चौराहे के पास का बताया जा रहा है। ये घटना रविवार की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, बारातियों से भरी बस अलीगढ़ जिले के मखदूमनगर से हाथरस जिले के मोहरी गांव जा रही थी, तभी कैलोर चौराहे के पास एक पिकअप गाड़ी ने बस की खिड़की से सिर बाहर निकालकर बैठे 11 वर्षीय अली पुत्र आस मोहम्मद को टक्कर मार दी। इससे उसका सिर धड़ से अलग हो गया। बाद में मामला पुलिस तक पहुंचा और उस पर कार्रवाई की जा रही है।



---

### मातृत्व — 20 साल से नहीं हो रही थी संतान

# एआई ने किया महिला का बांझपन खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांझपन किसी महिला की ऐसी दुखती रग है जिसकी टीस उसे कचोटती रहती है। लेकिन उन्नत आधुनिक उपचार व्यवस्था ने बहुत हद तक इस समस्या का समाधान खोजा है।

न्यूयॉर्क के एक दंपति की कहानी आज दुनियाभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। करीब 20 साल तक संतान के लिए संघर्ष करने के बाद, अब जाकर उन्हें खुशखबरी मिली है। 15 बार आईवीएफ ट्रीटमेंट फेल हुए, कई महाद्वीपों के विशेषज्ञों से सलाह ली, लेकिन हर बार नाकामी हाथ लगी।

लेकिन जब उम्मीद की सारी किरणें बुझने लगी थीं, तब कोलंबिया यूनिवर्सिटी में बनाए गए एक एआई–आधारित फर्टिलिटी टूल ने चमत्कार कर दिखाया। इस टूल का नाम है स्टार, जिसने बांझपन के इलाज में क्रांतिकारी मोड़ ला दिया। यह सिर्फ एक मेडिकल सफलता नहीं है, बल्कि यह टेक्नोलॉजी, धैर्य और मानव भावना की जीत है। यह कहानी उन लाखों जोड़ों के लिए उम्मीद की नई किरण है, जो नि:संतान होने के गहरे दुख से गुजर रहे हैं। क्या है स्टार और कैसे करता है काम?–स्टार एक एआई सिस्टम है जो ऐसे सीमेन सैंपल में भी जीवित शुक्राणु खोज निकालता है जिनमें सामान्य रूप से कोई स्पर्म नज़र नहीं आता। एक माइक्रोफ्लुइडिक चिप सीमेन के तत्वों को छांटती है। हाई–स्पीड इमेजिंग सिस्टम लाखों सूक्ष्म फ्रेम रिकॉर्ड करता है। मशीन लर्निंग एल्गोरिदम इन इमेजेस का विश्लेषण करता है और छिपे हुए शुक्राणुओं को पहचानता है। जिसे डॉक्टर सुई को हजार भूसे में ढूंढना कहते हैं, स्टार उसे कुछ घंटों में कर दिखाता है और वो भी इतनी सावधानी से कि स्पर्म आईवीएफ में इस्तेमाल के लिए पूरी तरह सक्षम रहता है।

44 शुक्राणु, एक नई शुरुआत–इस दंपति के केस में सामान्य लैब तकनीशियन दो दिन तक सैंपल में एक भी स्पर्म नहीं ढूंढ पाए। लेकिन स्टार ने मात्र एक घंटे में 44 जीवित शुक्राणु ढूंढ निकाले। इसके बाद मार्च 2025 में बिना किसी और सर्जरी या हार्मोनल ट्रीटमेंट के आईवीएफ किया गया और सफल रहा। अब यह दंपति अपने पहले बच्चे के आने का इंतजार कर रहा है।



# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### सीएमओ शर्मा ने किया पदभार ग्रहण



**सोहागपुर, देशबन्धु।** पिछले साल मार्च से लगातार नप सोहागपुर में स्थायी सीएमओ की पदस्थापना न होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा, सीएमओ दीपक रानवे के तबादला के बाद बाबई सीएमओ जीएस राजपूत को प्रभार दिया गया था, फिर राकेश मिश्रा प्रभारी सीएमओ बन कर आये जो 4 मार्च को चीचली चले गए, अब स्थाई सीएमओ के रूप में कैमोर जिला कटनी से धर्मेंद्र शर्मा को शासन द्वारा भेजा गया है। जिन्होंने सोमवार को कार्यलय पहुंचकर पदभार ग्रहण कर लिया। उनके पदभार ग्रहण करने के बाद अब कार्यलय कर्मचारियों में खुशी की लहर देखी जा रही है।

### भाजपा ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



**इटारसी, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया एवं श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, कार्यक्रम के प्रभारी पार्षद राकेश जाधव, महामंत्री शैलेन्द्र दुबे, सौरभ मेहरा, उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा, नगर मंत्री श्रीमती सुष्मिता दुबे, राकेश अहिरवार, पार्षद कुंदन गौर, जिम्मी कैथवास, नितिन व्यास, हैप्पी भाटिया, सह कोषाध्यक्ष मिथलेश गोस्वामी, अजय मंझरिया, प्रतीक मालवीय, राहुल भावसार, ऋषभ चौहान, शैलेन्द्र सिंह मधोक, पंकज दीवान, जुगल किशोर शर्मा, हैप्पी शर्मा, अमित मौर्य, राहिल सोनकर, संदीप सोनकर एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पर्यावरण की रक्षा के लिए ब्राह्मण महिला मंडल ने किया पौधरोपण

**इटारसी,देशबन्धु।** श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज महिला मंडल इटारसी की समस्त



पदाधिकारियों ने आज विवाह वर्षगांठ एवं जन्म दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण किया। समस्त महिला मंडल की पदाधिकारियों ने यह संकल्प लिया है कि अपने-अपने विवाह वर्षगांठ एवं जन्म दिवस पर सदैव एक-एक पौधारोपण किए जाएंगे। आज आंवला, बेल पत्री, अशोक, जास्मीन, आम, एवं अन्य पौधा रोड के किनारे एवं गैलेक्सी भवन में लगाए एवं महिला मंडल की मीटिंग भी हुई जिसमें आगामी होने वाले कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई। संगठन अध्यक्ष अर्चना मालवीय, कार्यकारणी अध्यक्ष शीला मालवीय सचिव किरण मालवीय संरक्षक भारती मालवीय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रश्मि मालवीय, ललिता मालवीय कोषाध्यक्ष संगीता मालवीय, सह सचिव विभा मालवीय, संगठन मंत्री अनुसुइया मालवीय, रूही मालवीय, रीमा मालवीय ने पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधरोपण किया।

### कृषि उपज मंडी में व्यापारियों और कर्मचारियों ने प्रभारी सचिव का स्वागत किया

**इटारसी,देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी में नव नियुक्त प्रभारी सचिव रामदीन इमने का व्यापारियों और कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ एवं माला पहनाकर स्वागत किया। मंडी सचिव इवने अब बानापुरा के साथ इटारसी का कार्यभार संभालेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारी मंडी में दिल खोलकर काम करें जिससे हमारी मंडी की आय में बढ़ोतरी हो, किसी व्यापारी को हमारी ओर से कभी भी कोई परेशानी नहीं होगी। इस अवसर पर सतीश अग्रवाल सांवरिया, संतोष ओसवाल, अनिल राठी, मनोज चांडक, दिवांशु अग्रवाल, प्रदीप मालपानी, क भगवानदास मालवीय, मंटू ओसवाल, देवेंद्र पटेल, गोपाल अग्रवाल, प्रदीप साहू, अजय सहित व्यापारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## 300 कट्टी मूंग चोरी का मामला: 70 दिन बाद दर्ज हुई एफआईआर, वेयरहाउस मैनेजर और ड्राइवर फरार



**बनखेड़ी,देशबन्धु।** ग्राम मछेराकलां स्थित शासकीय वेयरहाउस में करीब ढाई महीने पुरानी मूंग हेराफेरी के मामले में आखिरकार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार देर रात एफआईआर दर्ज कर ली है। इस मामले में वेयरहाउस मैनेजर शैलेश पाटिल और ट्रक ड्राइवर जीवन मेहरा को आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने दोनों के पास से संदिग्ध ट्रक समेत 300 कट्टी मूंग जब्त की है, जबकि दोनों आरोपी फिलहाल फरार हैं।

**क्या है पूरा मामलाड़ :** यह घटना 9 अप्रैल 2025 की है। उस दिन गोविंदनगर क्षेत्र में एक संदिग्ध ट्रक (क्रमांक एमपी 17 एचएन 1048) पकड़ा गया था, जिसमें 300 कट्टी मूंग लदी हुई थी। खास बात यह रही कि ट्रक में माल परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज मौजूद नहीं थे। तत्कालीन तहसीलदार अलका एक्का की जांच के बाद ट्रक को जब्त कर बनखेड़ी थाना परिसर में खड़ा किया गया था। बाद में भोपाल से आई वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन की जांच टीम ने मामले की गहन पड़ताल शुरू की। जांच में सामने आया कि मछेराकलां वेयरहाउस में 62 कट्टे मूंग की स्पष्ट कमी पाई गई। हालांकि, शुरुआत में स्पष्ट प्रमाणों की अनुपस्थिति और तकनीकी कारणों से प्रकरण लंबित बना रहा।

**70 दिन बाद दर्ज हुई एफआईआर- :** लगभग 70 दिनों की देरी के बाद आखिरकार वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के अधिकारी अतुल सोठे ने बनखेड़ी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए जांच प्रक्रिया तेज कर दी है।

**400 पन्नों की रिपोर्ट बनी कार्रवाई का आधार - :** जांच अधिकारी एसआई परसराम मालवीय के अनुसार, वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन द्वारा प्रस्तुत की गई 400 पृष्ठों की विस्तृत रिपोर्ट को आधार बनाकर कार्रवाई की गई है। रिपोर्ट में मूंग की गड़बड़ी से संबंधित कई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए गए हैं।

**आरोपियों के खिलाफ लगीं गंभीर धाराएं :** विवेचना अधिकारी एसआई परसराम मालवीय ने जानकारी दी कि, मामले में शासकीय वेयरहाउस प्रबंधक शैलेश पाटिल और ट्रक चालक जीवन मेहरा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(5), 318(4) एवं 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। मामले की गहराई से जांच जारी है और दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### वर्षों से चल रहा फर्जीवाड़ा

प्राप्त जानकारी के अनुसार पिपरिया के एक बड़े व्यापारी एवं वेयरहाउस प्रबंधन की मिलीभगत से एक संगठित रैकेट विगत कई वर्षों से सक्रिय है, जो शासकीय वेयरहाउसों से मूंग, धान, चना और गेहूं जैसे अनाजों को अवैध रूप से बाजार में खपा देता है। यह रैकेट इतनी सफाई से काम करता है कि पकड़े जाने का कोई खतरा नहीं रहता। ट्रकों में चुपचाप माल भरकर बड़े व्यापारियों की मिलों के माध्यम से यह अनाज बेचा जाता है।

### चुप्पी के बाद कार्रवाई, उठ रहे सवाल

लंबे समय तक कार्रवाई न होने पर सवाल उठाए जा रहे थे, लेकिन अब एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल है। यह मामला शासकीय अनाज भंडारण और वितरण में पारदर्शिता की स्थिति पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है। क्योंकि लंबे समय तक कार्रवाई न होने पर आमजन और किसान वर्ग में नाराजगी देखी गई। एफआईआर दर्ज होने के बाद अब यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या प्रशासन को पहले से इस रैकेट की भनक नहीं थीड़ और यदि थी तो कार्रवाई में इतना विलंब क्यों हुआ?

### सफाईकर्मियों की हड़ताल समाप्त, काम पर लौटे सफाईकर्मी

**सोहागपुर, देशबन्धु।** अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे नगर परिषद के सफाईकर्मीयों ने हड़ताल खत्म कर दी है, सुबह सफाई कर्मचारियों के मई माह का वेतन भुगतान कर दिया गया इसके साथ स्थानीय प्रशासन द्वारा उनके एरियर्स की राशि का भुगतान भी जल्द कर दिया जाएगा। जिसके बाद नप के सफाईकर्मी काम पर लौट गए और नगर में सफाई अभियान चलाया। वही नवागत सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने भी दोपहर बाद कार्यालय पहुचकर अपना पदभार ग्रहण किया। स्थाई सीएमओ के आने से नगर परिषद कार्यालय कर्मचारियों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

बता दे कि 20 जून से कामबंद हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारी अब हड़ताल से उठ गए है, उन्हें एसडीएम अनिल जैन के निर्देश पर सुबह मई माह का वेतन भुगतान कर दिया गया है। बाकी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान चुंगी क्षतिपूर्ति राशि न आने के कारण नही हो पाया है स्थानीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की समझाइश के बाद सफाईकर्मी हड़ताल से उठ गए है, उनकी अन्य मांग जैसे जीपीएफ की राशि खाते में जमा करने, बड़ा हुआ वेतन देने सहित अन्य मांगों का निराकरण नवागत सीएमओ से होने की संभावना है।

## सुबह पांच बजे से राशन दुकान पर लग रही गरीब उपभोक्ताओं की भीड़

### उचित मूल्य की दुकानों पर चल रही सेल्समैनों की मनमानी



**सोहागपुर,देशबन्धु।** नगर में राशन दुकानों पर पिछले 6-7 दिनों से भारी भीड़ लग रही है। गरीब उपभोक्ता सुबह पांच बजे से लाइन में लग जाते हैं, तब जाकर उनको दोपहर 12/1 बजे तक राशन मिल पाता है। उपभोक्ता शिवम ठाकुर ने बताया सेल्समेन अपनी मनमानी कर रहा है । 1 दिन में केवल सुबह के समय ही 40 लोगों को राशन दिया जाता है बाकी लोगों को वापस लौटा देते हैं । राशन लेने के लिए दूसरे दिन फिर सुबह से लाइन में लगना पड़ता है । नगर की सभी सहकारी उचित मूल्य की दुकानों पर यही हालत देखे जा रहे हैं जल्दी राशन पानी के चक्कर में आपसी विवाद भी हो रहे हैं । स्टेशन रोड मरूपुरा पर स्थित इस दुकान में इंदिरा वार्ड,रामप्रसाद वार्ड और तिलक वार्ड के गरीबों को राशन दिया जाता है। एक संचालक ने बताया कि वह सुबह के समय राशन वितरण करते हैं और दोपहर के बाद कंप्यूटर पर अपडेट करते हैं । सवाल यह उठता है कि, संचालकों को राशन वितरण करने के समय ही अपडेट कर देना चाहिए परंतु ऐसा नहीं किया जा रहा वर्तमान में राशन दुकानों पर भीड़ देखकर बरसों पुरानी यादें ताजा हो गई, जब लोग लाइन लगाने के लिए अपनी सामग्री रख देते थे यहां भी सुबह पांच बजे से अपने-अपने थैली रखकर लाइन लगाई जा रही है । इस मामले में वरिष्ठ अधिकारियों को और प्रतिनिधियों वार्ड पार्षदों को ध्यान देने की आवश्यकता है क्योंकि, गरीब प्रतिदिन परेशान हो रहा है।

## पुरानी इटारसी में बुजुर्ग की गिरकर अचानक मौत, बेटे से हुआ था झगड़ा

इटारसी, देशबन्धु। पुरानी इटारसी में एक करीब 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गयी। पहले कहा जा रहा था कि यह हत्या का मामला हो सकता है। मृतक की पत्नी ने कहा कि बेटे से झगड़ा हुआ था। लेकिन, वे वहां से बुजुर्ग को अलग ले गयी, बेटे से छिपकर एक खाली प्लाट के पास खड़े थे, तभी अचानक बुजुर्ग गिरे और उनकी नाक में चोट लगी। इसके बाद उनकी मौत हो गयी। सूचना पर रात में ही टीआई गौरव सिंह बुंदेला दल-बल के साथ पहुंचे और घटना की जानकारी ली। टीआई ने बताया कि रात करीब 12 बजे की घटना है। बुजुर्ग संतोष चौधरी का बेटा शराब के नशे में घर आया था। वह अपनी पत्नी से झगड़ रहा था। बुजुर्ग ने बहू को बचाने बीच-बचाव किया तो बेटा अपने पिता से ही लड़ने लगा। दोनों के बीच कुछ देर झूमाझटकी हुई। इसके बाद बुजुर्ग की पत्नी ने बुजुर्ग को बेटे से बचाते हुए हटाकर दूर ले गयी। बुजुर्ग संतोष चौधरी अपनी पत्नी और बहू के साथ पास ही एक खाली प्लाट पर छिपकर बेटे को देख रहे थे, कि अचानक बुजुर्ग नीचे गया और उसकी नाक में चोट आयी।

### मिहानी ने पुन: संभाला सिंधी समाज के अध्यक्ष पद का कार्यभार



**इटारसी, देशबन्धु।** पूज्य पंचायत सिंधी समाज के अध्यक्ष धर्मदास मिहानी पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। जिसके चलते उनके द्वारा विगत 15 जून को पूज्य पंचायत सिंधी समाज के पदाधिकारियों की मौजूदगी में कैलाश नवलानी को कार्यभार सौंपा था। अब पूरी तरह से स्वस्थ होने के बाद 22 जून को श्री मिहानी ने पूज्य पंचायत सिंधी समाज के पदाधिकारियों की मौजूदगी में अपना अध्यक्षीय कार्यभार संभाल लिया है।

## महिला बाल विकास विभाग और मुस्कान संस्था ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

इटारसी, देशबन्धु। महिला बाल विकास विभाग और मुस्कान संस्था ने आज ईश्वर रेस्टोरेंट में प्रतिभा सम्मान समारोह प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन के साथ उन्हें शिक्षा और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने आयोजित किया।

मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, जिला महिला बाल विकास अधिकारी ललित कुमार डेहरिया, थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे, सभापति राकेश यादव एवं मनजीत कलोसिया उपस्थित थे। सिविल सेवा परीक्षा में 369 वीं रैंक हासिल करने वाले मोनू शर्मा को मुस्कान संस्था ने सम्मानित किया। उन्होंने उपस्थित बच्चों को मार्गदर्शन दिया।

विधायक डॉ. शर्मा ने कहा, आज हमारी बेटियां बेटों से किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। वे पढ़ाई में भी अव्वल आकर परिवार का नाम रोशन कर रही हैं। मुझे विश्वास है कि भविष्य में वे नई चुनौतियों का सामना करते हुए एक नया मुकाम हासिल करेंगी। प्रतिभाशाली बच्चों



का सम्मान करना हम सभी के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम का संचालन अनुष्का शर्मा ने किया। स्वागत उद्बोधन अर्चना मालवीय ने दिया। मुस्कान संस्था के संचालक मनीष ठाकुर ने आभार प्रदर्शन करते हुए बताया कि अब तक लगभग 150 बेटियों को सम्मानित किया है और जल्द ही बेटों के सम्मान के साथ-साथ शेष रह गई मेधावी बेटियों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुस्कान संस्था की अधीक्षक ऋतु राजपूत, राहुल बनर्जी, नितिन वर्मा आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, कार्यकर्ता और मुस्कान संस्था के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### एक नजर कार्यक्रम पर

10 वी और 12 वी कक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 150 मेधावी बच्चों को सम्मानित किया थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने बच्चों को साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी और साइबर खतरों से बचाव के तरीके बताए

परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी साझा की

## बालक जूनियर फुटबाल : इंदौर और सीहोर की टीमें सेमीफाइनल में



**इटारसी, देशबनधु।** श्रीमंत विजयाराजे सिंधिया खेल प्रशाल में खेली जा रही बालक जूनियर अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता के पांचवें दिन प्रथम मैच जिला फुटबाल संघ रतलाम एवं जिला फुटबाल संघ सीहोर के मध्य खेला गया जिसमें सीहोर ने लगातार आक्रमण करते हुए 04-01 से विजय हासिल की। डीएफए सीहोर की जीत के बाद डीएफए रतलाम की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

प्रतियोगिता के वरिष्ठ सदस्य विष्णु शंकर पांडे डैनी ने बताया कि प्रथम मैच में मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद अभिषेक कनौजिया एवं अधिवक्ता देवेंद्र परिहार एवं फाइटर फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष सत्यम अग्रवाल के साथ आदित्य बिरला ग्रुप के पदाधिकारी मौजूद थे। परिचय प्राप्त करने के लिए जिला फुटबाल संघ के नमन चौधरी, अजय राजवंशी, रुद्राक्ष परदेसी आदि ने मैदान पर अतिथियों को ले गए।

प्रतियोगिता का दूसरा मैच ग्वालियर एवं इंदौर के मध्य खेला गया यह मैच समाप्ति तक इंदौर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 08-01 गोल से जीता। ग्वालियर प्रतियोगिता से बाहर हो गयी। प्रतियोगिता के ए पूल में इंदौर प्रथम स्थान पर तथा सीहोर दूसरे स्थान पर है और प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

इस मैच के मुख्य अतिथि नगर पालिका इटारसी के पार्षद अमित कापरे एवं पार्षद संजय ठाकुर थे। परिचय प्राप्त कराने जिला फुटबाल संघ के सदस्य अंकुश मसीह, डालचंद राज, चिन्ना राव, भूषण कन्नौजिया, विराज राजपूत आदि ने अतिथियों को मैदान पर ले गए। प्रतियोगिता के छठवें दिन 24 जून 2025 दिन मंगलवार को दो मैच खेले जाएंगे प्रथम मैच का समय दोपहर 2 बजे एवं दूसरे मैच का समय शाम 4 बजे से रखा गया है।

## बनखेड़ी में ओवरब्रिज बना परेशानी की वजह, अंडरब्रिज की मांग फिर तेज मानसून में कैसे निपटेगा प्रशासन



सतीश अहिरवार

**बनखेड़ी, देशबन्धु।** लंबे इंतजार के बाद बनखेड़ी को ओवरब्रिज की सौगात तो मिली, लेकिन यह सौगात अब खुद एक बड़ी समस्या बनती नजर आ रही है। ओवरब्रिज निर्माण कार्य के दौरान वैकल्पिक मार्ग की कोई ठोस व्यवस्था न होने के कारण अब यहां रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। खासकर रेलवे फाटक बंद होते ही स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जिसमें बड़े वाहन फंसकर घंटों ट्रैफिक ठप कर देते हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो यह समस्या अभी सामान्य दिनों में है, लेकिन आने वाले मानसून में हालात और भी खराब हो सकते हैं। भारी बारिश के बीच यदि कोई आकस्मिक स्थिति बनती है, तो इसकी जवाबदेही किसकी होगीड़ क्या प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने इसका कोई समाधान पहले से तैयार कर रखा हैड़

### वर्षों पुरानी मांग फिर आई चर्चा में

बनखेड़ी अंडरब्रिज की मांग कोई नई नहीं है। ग्रामीणों और पत्रकारों ने कई बार इस मुद्दे को आवाज़ दी, लेकिन अब तक न तो कोई कार्य योजना बनी और न ही कोई ठोस कार्रवाई हो सकी। वर्तमान में अंडरब्रिज के समीप बहने वाली ओल नदी सूखी है, जिस कारण ग्रामीण उसे अस्थायी रास्ते के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन जैसे ही मानसून सक्रिय होगा और नदी उफान पर आएगी, यह विकल्प भी बंद हो जाएगा।

### फाटक ही एकमात्र सहारा, लेकिन वही सबसे बड़ी दिक्कत

ऐसे में ग्रामीणों को मजबूरी में दोबारा उसी रेलवे फाटक से आना-जाना करना पड़ेगा, जहां निर्माण कार्य और खराब सड़क सतह के कारण पहले से ही ट्रैफिक जाम की स्थिति रहती है। स्कूल जाने वाले बच्चे हों या बीमार व्यक्ति, सभी को इस परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### अंडरब्रिज से जुड़ेंगे कई गांव

जानकारों का कहना है कि यदि अंडरब्रिज का निर्माण हो जाए तो यह न केवल ट्रैफिक की समस्या का स्थायी समाधान बन सकता है, बल्कि इससे दर्जनों गांव सीधे बनखेड़ी से जुड़ जाएंगे। ग्रामीणों के लिए बाजार, अस्पताल, मंडी और स्कूल तक पहुंच आसान होगी।

### प्रशासनिक चुप्पी और बाजार में अव्यवस्था -

स्थानीय पत्रकारों द्वारा बार-बार इस मुद्दे को उठाने के बावजूद प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर बनखेड़ी का मुख्य बाजार भी अव्यवस्था से जूझ रहा है। सड़क निर्माण के बावजूद अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के कारण यहां भी जाम आम बात हो गई है। लोगों को रोजाना घंटों की परेशानी झेलनी पड़ रही है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिख रही।

## खेड़ा में विकसित हो रहे तालाब के रूप में मिलेगा एक नया सैरगाह



**इटारसी, देशबन्धु।** खेड़ा का तालाब अमृत 2.0 योजना से 1.5 करोड रुपये से विकसित किया जा रहा है। बारिश में इसके कार्य की गति धीमी हो जाएगी। काली मिट्टी होने के कारण काम जारी रखने में परेशानी आ सकती है। अभी यहां स्टोन पिचिन के लिए टो वॉल निर्माण का कार्य चल रहा है। उम्मीद की जा रही है कि बारिश के बाद फुटपाथ का काम प्रारंभ हो जाएगा।

तालाब का काम देख रहे सब इंजीनियर मयंक अरोरा ने बताया कि गहरीकरण का काम पूरी हो गया है, स्टोन पिचिन वॉल का काम चल रहा है। वरिष्ठ अधिकारी और जन प्रतिनिधि भी समय-समय पर आकर निरीक्षण कर रहे हैं। पिछले दिनों ही मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे के साथ वार्ड 09 खेड़ा में विकसित व सौंदर्यीकरण किए जा रहे तालाब का निरीक्षण किया था।

### डेढ़ करोड़ रुपये से विकसित हो रहा तालाब

खेड़ा पर अमृत 2.0 योजना से 1.5 करोड़ रुपये से विकसित किया जा रहा है। यहां पुराने तालाब को खोदकर इसका गहरीकरण किया जा रहा है। साथ ही चारों और पाथवे बनेगा और बेंच लगेंगी। आकर्षक स्ट्रीट लाइट भी होंगी। इसे पिकनिक स्पॉट के तौर पर विकसित किया जा रहा है।

### एक नया स्थल मिलेगा

दावा किया जा रहा है कि खेड़ा का तालाब एक वर्ष में विकसित हो जाएगा। इसके विकसित हो जाने से नगर के लोगों को एक सैर-सपाटा की जगह और मिल जाएगी। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र और खेड़ा के निवासियों को पेयजल संकट से मुक्ति मिल सकती है। तालाब से क्षेत्र का वॉटर लेवल बढ़ेगा। पिछले कुछ वर्षों पूर्व जोरदार बारिश से जब यह भरा था तो यहां गर्मियों में लोगों को परेशानी नहीं आयी थी।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों व मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण



**हरदा ,देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की पूर्व तैयारियों के अन्तर्गत राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनरों ने सोमवार को जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं शेष विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को बीएलओ के कार्य एवं मतदाता सूची के पुनरीक्षण से संबंधित प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग से प्रशिक्षण प्राप्त बीएलओ भी सम्मिलित हुए। इस प्रशिक्षण में जिले की सभी तहसीलों के तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सतीश राय ने बताया कि आगामी 3 जुलाई से जिले के सभी बूथ लेवल आफिसरों को कार्ययोजना अनुसार 1 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर किया माल्यार्पण एवं पौधारोपण



**हरदा, देशबन्धु।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि पर भारतीय जनता पार्टी जिला मुख्यालय हरदा के वार्ड 18 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्यान स्थित प्रतिमा पर कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के द्वारा रोपित भाजपा का बीज आज वट वृक्ष बनकर सरकार के माध्यम से दुनिया को मानवता का सन्देश दे रहा है।उन्होंने कहा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। संसद में अपने भाषण में उन्होंनें धारा-370 को समाप्त करने की भी जोरदार वकालत की। आयोजन के दौरान पौधारोपण किया गया। आयोजन का संचालन महामंत्री पुरषोत्तम झिंझोरे ने किया एवं आभार सौरभ तिवारी ने माना । कार्यक्रम में जिला महामंत्री देवीसिंह, सांखला ,मनसुख लोहाना , किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेश गोदारा , पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद गुर्जर सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### नागद्वारी मेला 2025 की पूर्व तैयारी हेतु बैठक आगामी 27 जून को

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** नागद्वारी मेला वर्ष 2025 आयोजन के लिए संपूर्ण मेला क्षेत्र में की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंधि में महादेव मेला समिति पचमढी द्वारा 27 जून को दोपहर 12.00 बजे से संजय गांधी संस्थान पचमढी में आयोजित की जाएगी। अपर कलेक्टर (विकास) एवं अध्यक्ष महादेव मेला समिति, पचमढी नर्मदापुरम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि उक्त बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### जवाहरनवोदय विद्यालय पवारखेडा में 29 जुलाई तक भर सकते है आवेदन

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले के पी.एम.श्री जवाहर नवोदय विद्यालय पवारखेडा जिला नर्मदापुरम में सत्र 2026-27 के लिये कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र भरे जा रहे है। आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 है। उक्त ऑनलाइन आवेदन किसी भी कम्प्यूटर सेंटर से अथवा मोबाईल से निशुल्क भरा जा सकता है। पालकों से इस ओर ध्यान देने का कहा गया है।

# अतिक्रमण की जद में आई 50 साल पुरानी दुकानें जमींदोज

### हरदा विधायक डॉ. दोगने ने की जिला प्रशासन एवं सरकार की निंदा, बोले: यह सरासर तानाशाही है

**हरदा , देशबन्धु।** राजस्व, पुलिस एवं नगर पालिका के संयुक्त दल ने सोमवार को हरदा रेल्वे स्टेशन मुख्य प्रवेश द्वार से होटल सयाजी तक की शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। इस दौरान रेलवे स्टेशन के बाहर सरकारी स्थान पर 50 साल पुरानी दुकानों को अतिक्रमण बताते हुए सोमवार को सुबह तोड़ा गया। दुकानदारों ने रविवार को ही अपनी दुकानें खाली कर दी थी। सेंटमेरी स्कूल के पास से पुराने माल गोदाम तक 40 दुकानों में से 5 दुकानदारों को हाईकोर्ट से स्टे मिला हुआ है।



#### 40 दुकानों में से 5 दुकानदारों को हाईकोर्ट से स्टे मिला हुआ है

कार्यवाही के दौरान एसडीएम हरदा कुमार शानु देवड़िया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार, तहसीलदार राजेन्द्र पंवार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। सहायक मण्डल इंजीनियर हरदा ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत यात्री सुविधाओं का विस्तार तथा स्टेशन सौन्दर्यीकरण का कार्य जारी है। अतिक्रमण हटने से स्टेशन के नये सरक्यूलेटिंग एरिया का विकास, प्लेटफॉर्म नम्बर-1 का विस्तार तथा नये प्रवेश द्वारों का निर्माण किया जाएगा, जिससे स्टेशन से निकलने एवं प्रवेश करने में यात्रियों को सुगमता होगी। साथ ही स्टेशन का पूर्ण सौन्दर्यीकरण हो सकेगा जो शहर के सौन्दर्य का केन्द्र बिन्दु होगा। हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने जिला प्रशासन, भा.ज.पा. शासित नगर पालिका व सरकार की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जिला प्रशासन की यह कार्यवाही मानवता को शर्मसार करने वाली है। जिन लोगों की दुकानें जिला प्रशासन द्वारा तोडी गई है। वह विगत कई वर्षों से छोटा-मोटा व्यवसाय कर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे थे। वह अब बेरोजगार हो गये है और उन लोगों पर अब अपनी रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा, मैं क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यो का विरोधी नही हूं परन्तु विकास कार्यों के नाम पर गरीब लोगो को बेरोजगार कर देना उचित नही है। यह जिला प्रशासन नगर पालिका एवं सरकार का क्षेत्रवासियों के साथ अन्याय पूर्ण रवैया है। उन्होंने जिला प्रशासन और सरकार से उचित मांग की है।

# शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर हुई अधिकारियों की बैठक



**हरदा, देशबन्धु।,** मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग की बैठक सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोग के सदस्य एवं पूर्व आईएएस एसएन मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर आयोग के सदस्य मुकेश शुक्ला एवं सचिव अक्षय कुमार सिंह, कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, वनमण्डलाधिकारी अनिल चौपडा, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमति सविता झानिया, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, सुश्री रजनी वर्मा व संजीव नागू, एसडीएम टिमरनी महेश बडोले, एसडीएम हरदा कुमार शानु देवडिया सहित जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में आयोग के सचिव अक्षय कुमार सिंह ने आयोग की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी दी । बैठक में प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों एवं जन अपेक्षाओं के आधार पर और अधिक जनोन्मुखी एवं सुलभ प्रशासन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तहसील, उपखंड प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन संबंधी मार्गदर्शी सिद्धांतों के बारे में बताया गया। साथ ही आयोग के उद्देश्य एवं कार्यप्रणाली से संबंधित जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की गई। उन्होंने कहा कि तहसील या उपखण्ड बनाने से पहले उनकी भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या घनत्व, बुनियादी सुविधाएं और प्रशासनिक जरूरत को प्राथमिकता दी जाएगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक, बिजली पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता का आंकलन कर जिला प्रशासन द्वारा अपने स्तर पर सभी सुझावों को एकत्रित कर आयोग को रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

# सांसद चौधरी ने पिपरिया में दिव्यांगजनों को ट्राई स्कूटी वितरित की, छलकी खुशी




**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने गत दिवस पिपरिया में अपनी सांसद निधि से एक नेशनल प्लेयर सहित 24 दिव्यांग जनों को ट्राई स्कूटी वितरित की। पुराना गल्ला मंडी पिपरिया में आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने भारत माता का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दिव्यांग जनों को ट्राई स्कूटी वितरित की और कहां की गत 11 वर्षों से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आर्थिक शक्ति में वृद्धि हुई है। आयुष्मान कार्ड जैसी योजनाओं से आम नागरिकों का जीवन बेहतर हुआ है वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति मजबूत हुई है। कई देश अब भारत से सहयोग की अपेक्षा करते हैं।

सांसद चौधरी ने कहां की यह जनता का विश्वास है जिसके कारण प्रधानमंत्री लगातार आम जनता की सेवा कर पा रहे हैं। उन्होंने ग्रीष्मकालीन मूंग के लिए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार का क्षेत्र के किसानों की ओर से आभार व्यक्त किया। इस दौरान सांसद श्री चौधरी ने पुरानी गल्ला मंडी से सांसद कार्यालय पिपरिया तक विधायक ठाकुरदास नागवंशी के साथ दिव्यांग जनों को ट्राई स्कूटी में बैठा कर विदा किया।

इस अवसर पर पिपरिया विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी ने कहां की सांसद श्री चौधरी ने दिव्यांग जनों को ट्राई स्कूटी वितरित कर बहुत ही श्रेष्ठ कार्य किया है। इस अवसर पर विभिन्न जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# सीबीएसई एवं स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल ने मिलकर आयोजित किया शिक्षक प्रशिक्षण का कार्यक्रम

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति आधारित कम्पिटेंसी बेस्ड साइंस टीचिंग विषय पर रहा प्रशिक्षण

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नर्मदापुरम के तत्वावधान में 21 एवं 22 जून 2025 को दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम सीनियर सेकेंडरी स्तर पर विज्ञान विषय के शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य क्षमता आधारित शिक्षण प्रणाली को समझना और व्यवहार में लाना था। कार्यक्रम का मुख्य विषय एस.टी.ई.एम. रहा, जिसमें विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित को राष्ट्रीय शिक्षा नीति अनुरूप एकीकृत रूप से पढ़ाने की पद्धति को समझाया गया।



प्रशिक्षण में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसमें बच्चों में आम तौर पर पाई जाने वाली भावनात्मक और व्यवहार संबंधी समस्याओं को समझने तथा उनके समाधान पर बात हुई। ब्लूम्स टैक्सोनॉमी के माध्यम से विद्यार्थियों में सामान्य से लेकर उच्च कोटि की सोचने की क्षमता को विकसित करने के तरीकों को समझाया गया। विज्ञान पढ़ाने के आसान और रुचिकर तरीकों पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इसके साथ ही बहुविकल्पीय प्रश्नों को बनाने की प्रक्रिया, उनके स्तर को आंकने की गतिविधि, पढ़ाई की योजना को विद्यार्थियों की समझ के अनुसार बनाने की विधि, प्रश्न निर्माण और उससे जुड़ी सामान्य जिज्ञासाएँ, तथा मूल्यांकन में प्रयुक्त मूल्यांकन मानक (रूब्रिक) की समझ पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। सीबीएसई द्वारा तय प्रशिक्षकगण श्रीमती राशी सिसोदिया निर्मल पब्लिक स्कूल, छिंदवाड़ा से एवं श्रीमती भूमिका सिंह, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल भोपाल से पधारे थे। प्रशिक्षार्थी पूरे प्रदेश के विभिन्न सीबीएसई स्कूलों के विज्ञान शिक्षक रहे। प्रशिक्षार्थियों ने इस कार्यक्रम को बहुत प्रभावी बतलाया। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती मोना चटर्जी तथा जनरल मैनेजर श्रीमती सोनल सोखी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उप-प्रधानाचार्या श्रीमती लक्ष्मी पलोहिया के कुशल निर्देशन में सभी शिक्षकों के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन सुश्री रचना तिवारी तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती प्रमिला कलम द्वारा किया गया।

# 'कायाकल्प', 'मुस्कान' व 'लक्ष्य' कार्यक्रमों अंतर्गत, 7 स्वास्थ्य संस्थाओं को उप मुख्यमंत्री ने दिया पुरस्कार

### 2 सिविल अस्पताल, 4 पीएचसी और 1 हेल्थ वेलनेस सेंटर पुरस्कृत

नर्मदापुरम, देशबन्धु। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की ओर अग्रसर मध्यप्रदेश के अंतर्गत 23 जून 2025 सोमवार को उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने नरोन्हा प्रशासन अकादमी, भोपाल में 'कायाकल्प', 'मुस्कान' व 'लक्ष्य' कार्यक्रमों में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली नर्मदापुरम जिले की 7 स्वास्थ्य संस्थाओं सिविल अस्पताल इटारसी एवं सिवनीमालवा तथा पीएचसी उमरधा,शिवपुर, शोभापुर एवं सेमरी हरचंद तथा एचडब्ल्यूसी नयाखेड़ा (सोहागपुर) को सम्मानित किया।

कायाकल्प', हक्रू, 'मुस्कान' कार्यक्रम में आपातकाल स्वास्थ्य सेवाएं, ओपीडी आईपीडी, लैबोरेटरी, रेडियोएक्सरा, फार्मेसी, लेबर रूम, सामान्य प्रशासन, कुपोषित बच्चों का उपचार में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना प्रमुख हैं, सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत ने पुरस्कार प्राप्त संस्थाओं के संस्था प्रभारियों सहित समस्त स्टॉफ को बधाई दी है।




पुरस्कार कार्यक्रम में डॉ आर के वर्मा जेडी, कविता भोई डीपीएम, डॉ राकेश चौधरी अधीक्षक इटारसी, डॉ रघुवंशी सीबीएमओ, पीएचसी मेडिकल ऑफिसर, डीक्यूएम, सीपीएचसी सलाहकार, सीएचओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्य प्रशासनिक सेवा के 12 प्रशिक्षु अधिकारी केसला पहुंचे

**नर्मदापुरम/, देशबन्धु।** राज्य प्रशासनिक सेवा के 12 प्रशिक्षु अधिकारी जिले के केसला ब्लॉक में शासन के विभिन्न विभागों एवं ग्रामीण विकास की समस्त योजनाओं के अध्ययन एवं उनसे सीख लेने के लिए आज सोमवार 23 जून को जिला नर्मदापुरम में उपस्थित हुए।

जिला पंचायत सीईओ श्री सोजान सिंह रावत एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संपदा गुर्जर ने उपस्थित समस्त प्रशिक्षु अधिकारियों को विस्तार से उनके प्रशिक्षण सह भ्रमण पर प्रकाश डाला एवं नवनियुक्त अधिकारीयों को किस प्रकार से ग्रामीण आवश्यकताओं एवं ग्रामीण व्यक्तियों की समस्याओं को सुलझाने हेतु कार्य किया जाना चाहिए इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

समस्त प्रशिक्षु अधिकारियों को 28 जून 2025 को पुन: उनके द्वारा किए गए भ्रमण के दौरान प्राप्त सीखों आदि के संबंध में प्रेजेंटेशन दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया। सीईओ जिला पंचायत द्वारा एक नवनियुक्त अधिकारी को किस प्रकार से अपने आप में ग्रामीण विकास के प्रति सदभावना पूर्वक दृष्टिकोण विकसित करने एवं ग्रामीण आजीविका गतिविधियां के चिन्हांकन हेतु निर्देशित किया गया। संयुक?त कलेक?टर श्रीमती संपदा गुर्जर द्वारा समस्त प्रशिक्षु अधिकारियों को बेहतर अधिकारी बनने हेतु आवश्यक समझाइश दी एवं शासन व ग्रामीण व्यक्तियों के प्रति कैसे सकारात्मक रवैया अपनाया जाए इसके संबंध में जानकारी दी।

### जनसंघ के संस्थापक को किया याद, जहाँ हुए बलिदान मुखर्जी, वो कश्मीर हमारा है

# डॉ. मुखर्जी बलिदान दिवस पर भाजपा ने श्रद्धांजलि अर्पित की, गूंजा नारा

### एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम से जुड़ा पर्यावरणीय संकल्प

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक और भाजपा के वैचारिक पितृपुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर सोमवार को भाजपा द्वारा सतरास्ता स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम की शुरुआत जहाँ हुए बलिदान मुखर्जी, वो कश्मीर हमारा है के गगनभेदी नारों से हुई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के उस महान बलिदान को याद किया, जिसने देश की एकता और अखंडता के लिए नई दिशा दी।भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने बलिदान दिवस पर सिवनी मालवा नगर मंडल बानापुरा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी एवं पौधारोपण किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा जनसंघ की विचारधारा राष्ट्र प्रथम प्रीति शुक्ला ने कहा डॉ. मुखर्जी द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ की राष्ट्रवादी विचारधारा को करते हुए कहा कि एक देश, एक निशान, एक विधान का उनका संकल्प आज देश की अखंडता का आधार है। उन्होंने कश्मीर से धारा 370 हटाने के अपने संघर्ष के लिए प्राणों की आहुति दी थी, जो आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साकार हुआ।




प्रीति शुक्ला ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे सुशासन, विकास और राष्ट्रीय एकता के कार्यों को भी सराहा गया। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने जनसंघ की मूल विचारधारा को व्यवहार में उतारते हुए कश्मीर से 370 हटाने, राम मंदिर निर्माण, और आत्मनिर्भर भारत जैसे अनेक कार्यों से डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार किया है। एक पेड़ माँ के नाम पर्यावरण को समर्पित संकल्प जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर नर्मदापुरम के नगर मण्डल में बूथ क्र-62 डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा परिसर में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, नपा अध्यक्ष नीतू यादव, जिला महामंत्री प्रसन्न हरने, मुकेश चंद्र मैना, लोकेश तिवारी, प्रशांत दीक्षित ,अमित महालहा, ज्योति चौरे, मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, रूपेश राजपूत, राहुल पटवा, राहुल सिंह ठाकुर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे उपस्थित रहे ।

# मिशन कर्मयोगी के लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी, मूंग उपार्जन पर दिए खास निर्देश

**नर्मदापुरम , देशबन्धु।** सोमवार को आयोजित समय सीमा की बैठक में जिला पंचायत सीईओ सौजान सिंह रावत ने जल गंगा संवर्धन अभियान, मिशन कर्मयोगी, ईऑफिस, मूंग उपार्जन, सीएम हेल्पलाइन आदि की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।




समय सीमा की बैठक के दौरान रावत ने निर्देश दिए कि ग्रामीण एवं नगरीय निकायों में आवास एवं अन्य किसी भी नवीन निर्माण के लिए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग तकनीक स्थापित कराई जाए। रावत ने समय सीमा के दौरान कर्मयोगी भारत मिशन पोर्टल के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि, कर्मयोगी भारत मिशन पोर्टल, भारत सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों के लिए एक ऑनलाइन प्रशिक्षण मंच है। इसका उद्देश्य सरकारी अधिकारियों को उनकी भूमिकाओं के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करके, उन्हें अधिक प्रभावी और कुशल बनाना है। यह पोर्टल सरकारी कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रम, वेबिनार और अन्य प्रशिक्षण सामग्री तक पहुंच प्रदान करता है, प्रशिक्षण के पश्चात प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाता है। कर्मयोगी प्लेटफॉर्म सरकारी कर्मचारियों को व्यापक ऑनलाइन प्रशिक्षण के माध्यम से अपने ज्ञान, कौशल और क्षमताओं को बढ़ाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। श्री रावत ने इस पोर्टल पर अधिक पंजीयन कर, इस पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

समय-सीमा की बैठक में जिले में मूंग उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि मूंग पंजीयन की अंतिम तिथि के उपरांत उपार्जन की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इसके लिए संबंधित अधिकारी उपार्जन केंद्रों के प्रस्ताव समय पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला प्रबंधक वेयर हाउसिंग को निर्देशित किया कि मूंग उपार्जन हेतु निर्धारित वेयरहाउसों का निरीक्षण एवं सत्यापन कार्य पूर्व नियोजित तरीके से किया जाए, ताकि उपार्जन प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

### अब तक 620.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 23 जून को प्रातः 8 बजे तक जिले में 620.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 439.5 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 23 जून 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 52.4 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 8.0 मिलीमीटर, इटारसी में 3.4 मिलीमीटर, माखननगर में 33.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 29.5 मिलीमीटर, पिपरिया में 10.2 मिलीमीटर, बनखेडी में 8.8 मिलीमीटर, पचमढी में 28.8 एवं तहसील डोलरिया में 12.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं सविता मीना पत्नी राजाराम मीना आयु लगभग 35 वर्ष निवासी ग्राम मुदापार तहसील माखननगर जिला नर्मदापुरम की स्थाई निवासी हूं। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र एवं अंकसूची में उसका सही वास्तविक नाम चिराग मीना अंकित है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम आशीष मीना अंकित है। जिसे आशीष मीना के स्थान पर **चिराग मीना** आधार कार्ड में दर्ज करना चाहती हूं। भविष्य में इसे आशीष मीना के स्थान पर **चिराग मीना** पढ़ा जावे।

**शपथकर्ता-सविता मीना**

देशबन्धु

नर्मदापुरम , मंगलवार 24 जून 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# उपचुनावों में भाजपा को मात

चार राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे सोमवार को आए, जिसमें केंद्र की सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी को बड़ा झटका लगा है। गुजरात की कड़ी और विसावदर विधानसभा सीट, पंजाब की लुधियाना सीट, केरल की नीलांबुर सीट और प.बंगाल की कालीगंज सीट पर 19 जून को मतदान हुआ था।

पंजाब में आप उम्मीदवार संजीव अरोड़ा और प.बंगाल में टीएमसी उम्मीदवार अलीफा अहमद को जीत मिली, यानी इन दो राज्यों में सत्तारुढ़ दलों के प्रत्याशियों ने जीत हासिल की। लेकिन गुजरात में भाजपा के लिए मामला फंस गया, क्योंकि यहां की कडी सीट पर तो भाजपा के राजेंद्र कुमार (राजूभाई) दानेश्वर चावड़ा ने जीत दर्ज की है, लेकिन विसावदर सीट पर अब आप की जीत हुई है। आप प्रत्याशी गोपाल इटालिया ने भाजपा के कीर्ति पटेल को हराया है।

वहीं केरल में भी नीलांबुर सीट पहले एलडीएफ के पास थी, लेकिन अब उस पर कांग्रेस के आर्यदान शौकत को जीत मिली है। कुल पांच सीटों में भाजपा के पास केवल एक सीट आई है और एक सीट उसने गंवाई है। बेशक इन पांच सीटों से देश की मौजूदा सियासी तस्वीर पर तत्काल कोई असर पड़ते हुए नहीं दिख रहा है, लेकिन इसका दूरगामी परिणाम क्या हो सकता है, यह समझना कठिन नहीं है।

गुजरात की कुल 182 विधानसभा सीटों में भाजपा के पास 161 विधायक हैं, जबकि कांग्रेस के पास 12 और आप के पास चार हैं। एक सीट समाजवादी पार्टी और दो निर्दलीय के पास है। लेकिन अब भाजपा की एक सीट घट गई है और आप की सीट अब पांच हो गई है। अगर इंडिया गठबंधन के लिहाज से देखें तो कुल 18 सीटें हो सकती हैं। हालांकि दिल्ली चुनाव में जिस तरह आप और कांग्रेस के बीच तल्खी बढ़ी जो अब पंजाब में भी देखी जा रही है, उसे देखकर कहना कठिन है कि इंडिया गठबंधन में अब आप और कांग्रेस की एकता कैसे कायम होगी। लेकिन अगर लोकसभा चुनावों में मिली जुली कोशिशें ये दल याद करेंगे तो उन्हें समझ आएगा कि भाजपा को हराने के लिए विपक्षियों में एकता कितनी जरूरी है।

वैसे गुजरात में भाजपा को बड़ा झटका इसलिए माना जा रहा है कि उसने जीती हुई सीट गंवा दी है। कडी सीट तो भाजपा विधायक करसनभाई पंजाबभाई सोलंकी के निधन के कारण खाली हुई थी और वो अब भाजपा के पास ही है। लेकिन विसावदर में आप ने भाजपा के खेल का जवाब दे दिया है। यहां पहले आम आदमी पार्टी से ही भूपेंद्रभाई गंडूभाई भायानी विधायक बने थे, लेकिन दिसंबर 2023 में अपने पद से इस्तीफा देकर वो भाजपा में शामिल हुए थे। तब से ये सीट खाली है। इससे पहले साल 2022 में भाजपा के हारे प्रत्याशी हर्षद रीबडिया ने गुजरात हाईकोर्ट में भायानी की जीत को चुनौती दी थी। लेकिन अभी मार्च में हर्ष रीबाडिया ने अपनी याचिका वापस ले ली थी, तो उपचुनाव का रास्ता साफ हुआ और जनता ने एक बार फिर आप को ही मौका दिया। इस जीत से आप का ग्राफ थोड़ा और बढ़ गया है।

उधर पंजाब में तो आप की जीत का दोहरा असर होता दिख रहा है। आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल फरवरी 2025 में हुए दिल्ली चुनाव में अपनी सीट भी हारे थे और सत्ता भी गंवाई थी। तब से आप कार्यकर्ताओं का मनोबल काफी टूटा हुआ दिख रहा था। इस बीच कई नेता भाजपा खेमे में शामिल हो गए थे। लेकिन पंजाब की लुधियाना वेस्ट सीट पर उपचुनाव से आप के हौसले अब सातवें आसमान पर हैं। पार्टी मुखिया ने इस संभावना से तो इंकार किया है कि वे संजीव अरोड़ा की खाली सीट पर राज्यसभा जाएंगे, लेकिन ये दावा उन्होंने किया है कि अगले विधानसभा चुनाव में पंजाब में आप की आंधी नहीं बल्कि तूफान आएगा, क्योंकि हमारे प्रत्याशी को पिछली बार की अपेक्षा दोगुने वोट देकर जनता ने हमारे काम पर मुहर लगाई है।

पंजाब में कुल 117 विधानसभा सीटों में आप के पास 91 सीटें हैं। जो अब 92 हो जाएंगी। कांग्रेस के पास 18, शिरोमणि अकाली दल के पास 3 सीट, बसपा 1 और बीजेपी की 2 सीटे हैं। एक विधायक निर्दलीय है। यानी केजरीवाल की आसान जीत तय है। मुख्यमंत्री न रहने और सत्ता जाने के बाद केजरीवाल के पास जो सरकारी सुविधाएं नहीं थीं, वो अब उन्हें मिल जाएंगी और उनके खिलाफ चल रहे केस में पुलिस को कार्रवाई के लिए अनुमति लेने की जरूरत पड़ेगी।

बात करें केरल की तो कांग्रेस का बढ़ता दबदबा और प्रियंका गांधी का असर दोनों नजर आ रहा है। केरल में 140 विधानसभा सीटों में सत्तारुढ़ एलडीएफ के पास 98 सीटें हैं। और कांग्रेस के यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के पास 41 सीटें हैं। नीलांबुर सीट से 2021 में एलडीएफ के समर्थन से स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर पी.वी. अनवर विधायक चुने गए थे। लेकिन सितंबर 2024 में एलडीएफ से मतभेद के चलते 13 जनवरी 2025 को अनवर ने इस्तीफा दिया था और टीएमसी में शामिल हो गए थे। इस उपचुनाव में टीएमसी से ही अनवर फिर खड़े हुए थे, लेकिन कांग्रेस से आर्यदान शौकत से अनवर समेत माकपा के एम. स्वराज और भाजपा के माइकल जॉर्ज प्रत्याशी तीनों को हार मिली। यहां प्रियंका गांधी के दो दिनों के प्रचार ने सारी बाजी पलट दी। अब अगले साल होने वाले चुनावों में इसका असर देखने मिलेगा।

केरल में तो टीएमसी हारी, लेकिन पं.बंगाल में उसका दबदबा कायम रहा। कुल 294 सीटों में इस समय 215 टीएमसी के विधायक हैं। भाजपा के पास 77 सीटें हैं। कांग्रेस का कोई भी विधायक नहीं है। कालीगंज सीट से टीएमसी विधायक नसीरुद्दीन अहमद के निधन के बाद सीट खाली हुई। उपचुनाव में उनकी बेटी अलीफा अहमद को टीएमसी ने उम्मीदवार बनाया और उन्हें जीत मिली। इस तरह ममता बनर्जी के खिलाफ भाजपा का सारा दुष्प्रचार धरा का धरा रह गया।

कुल मिलाकर उपचुनावों में एक बार फिर इंडिया गठबंधन के दलों का ही दबदबा देखने मिला है, भले ही ये दल अलग-अलग लड़े, लेकिन भाजपा को हराया जा सकता है, ये संदेश जनता में गया है।

# इमरजेंसी के पचास साल : मीडिया या तानाशाही की आंखों पर बंधी पट्टी

इंदिरा गांधी के जिस इमरजेंसी निजाम के अब पचास साल हो रहे हैं, उसकी एक प्रमुख निशानी बेशक उन कुख्यात इक्कीस महीनों में प्रेस का दमन और उसकी स्वतंत्रता का छीना जाना थी। खासतौर पर इमरजेंसी के शुरूआती दौर की याद करते ही हमें अखबारों और पत्रिकाओं के जगह-जगह से काले रंग से पुते हुए पन्ने याद आते हैं, जिनमें प्रकाश्य सामग्री के अनेक हिस्सों पर सेंसर तंत्र की कैंची चली थी। स्वतंत्र भारत के इतिहास में संभवत: पहली बार और अब तक अंतिम बार भी, बाकायदा एक सेंसरशिप तंत्र खड़ा किया गया था, जिसका काम हर छपने वाले शब्द को छपने से पहले जांचना था, ताकि तमाम प्रकाशित सामग्री का शासन की इच्छा के अनुकूल होना सुनिश्चित किया जा सके। याद रहे कि यह वह जमाना था जब जन माध्यम या मास मीडिया का दायरा, पत्र-पत्रिकाओं तक ही सीमित था। रेडियो जरूर तब तक एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका था, लेकिन वह पूरी तरह से शासन के नियंत्रण में था और एकदम शुरूआती दौर का टीवी भी। सिनेमा जरूर एक और स्वतंत्र माध्यम था और सभी जानते हैं कि इमरजेंसी के दौरान उसे भी नियंत्रित करने की पूरी कोशिश की गयी थी। यह सब, खासतौर पर अपने तौर-तरीके में, देश के लिए तब तक पूरी तरह से अपरिचित ही था।

बहरहाल, यहां तक हमने जो तस्वीर दिखाई, वह प्रेस के साथ इमरजेंसी की तानाशाहीपूर्ण सत्ता के सलूक की तस्वीर है। लेकिन, यह सोचना सही नहीं होगा कि इमरजेंसी के दौर में प्रेस जो कर रही थी, उसकी यह प्रतिनिधि तस्वीर थी। बेशक, इमरजेंसी में प्रेस की स्वतंत्रता पर भीषण हमला हुआ था। इमरजेंसी के दौरान बेशक, पत्र-पत्रिकाओं में क्या छप सकता है, उसे बाकायदा सेंसर किया जा रहा था। लेकिन, बाहर से सेंसरशिप थोपे जाने की जरूरत अपने आप में इसका सबूत थी कि इमरजेंसी के दौरान प्रेस की कहानी, सत्ता के इस दमन की कहानी ही नहीं थी। वास्तव में इमरजेंसी के शुरूआती दौर की चाक्षुष स्मृति में काले रंग से रंगे हुए पन्नों की जो छवि सहज ही उभरती है, इस कहानी के सिक्के के दूसरे पहलू को सामने लाने वाली कहानी है, प्रतिरोध की कहानी। सेंसरशिप द्वारा काटे गए शब्दों/ वाक्यों/ पैराग्राफों की जगह खाली छोड़ा जाना या काले रंग से रंगकर प्रस्तुत किए जाना, प्रतिरोध की एक शानदार कहानी कहता था। इसके और प्रखर हिस्से के तौर पर अनेक अखबारों तथा पत्रिकाओं ने, शुरू के दिनों में पूरे-पूरे पन्ने खाली या काले कर के छोड़ दिए थे।

बेशक, कोई यह नहीं कह रहा है कि इमरजेंसी निजाम पर समूचे प्रेस की एक जैसी प्रतिक्रिया रही थी। हर्गिज नहीं। इस प्रतिक्रिया में भी भारतीय प्रेस की शानदार विविधता दिखाई देती थी। और यह दावा तो और भी नहीं किया जा सकता है कि शुरूआत में इमरजेंसी निजाम पर जिस तरह की प्रतिक्रिया प्रेस में देखने को मिली थी, इमरजेंसी के पूरे दौर में वैसी ही प्रतिक्रिया बनी रही थी। जाहिर है कि शुरूआती दौर में इमरजेंसी निजाम से और सबसे बढ़कर सेंसरशिप की उसकी व्यवस्थाओं से जिस तरह का 'शॉक' लगा था, उसका प्रभाव समय के साथ घटा था और एक हद तक इमरजेंसी का भी सामान्यीकरण हो गया था या उसे नया नॉर्मल मानने की प्रवृत्ति बढ़ रही थी। फिर भी, इतना तो निश्चयपूर्वक कहा ही जा सकता है कि आमतौर पर प्रेस का रुख इमरजेंसी के खिलाफ था। आमतौर पर इमरजेंसी और उसकी व्यवस्थाओं को एक असामान्य स्थिति की तरह ही लिया जा रहा था, जिससे उबरने का बेसब्री से इंतजार था।



राजेंद्र शर्मा

**वर्तमान सत्ता ने भी मीडिया को अपने खूंटे से बांधने के लिए साम-दाम-दंड-भेद, सभी हथियारों का खुलकर इस्तेमाल किया है। इस सब के सामने इमरजेंसी का सेंसरशिप का राज तो बच्चों का खेल नजर आता है। इमरजेंसी के प्रतिबंध ज्यादातर नकारात्मक थे, जो सरकार की आलोचनाओं को छानकर रोकने की कोशिश करते थे। मीडिया की वर्तमान घेरेबंदी आक्रामक है, जो मीडिया को सत्तापक्ष की ओर से हमले का हथियार बनाती है।**

1977 के आरंभ में हुए चुनाव में इमरजेंसी और उसे लगाने वाली इंदिरा गांधी की जबर्दस्त हार में, प्रेस के इस आम तौर पर 'विरोधी' रुख ने कितनी मदद की होगी, यह तो कहना मुश्किल है। लेकिन, इतना तय है कि इंदिरा गांधी निजाम के इस हार को दूर-दूर तक भांप ही नहीं पाने के पीछे जरूर, जनता की आवाज शासन तक पहुंचाने के साधन के रूप में, प्रेस के अनुपस्थित ही होने की शायद सबसे बड़ी भूमिका रही थी। इंदिरा गांधी की इमरजेंसी उसी सिंड्रोम की शिकार थी, जिसकी शिकार सामान्य रूप से तानाशाहीपूर्ण व्यवस्थाएं होती हैं—जनता की मर्जी से असंबंध या उसके प्रति अंधता की शिकार। श्रीमती गांधी चुनाव में जीत की उम्मीद लगाए बैठी रहीं, जबकि जनता इस हद तक उन्हें ठुकराने का मन बनाए बैठी थी कि जब चुनाव के नतीजे आए तो कांग्रेस पूरे उत्तरी भारत में लोकसभा की सिर्फ दो सीटों पर सिमट कर रह गयी।

जैसा कि जानी-मानी पत्रकार, मानिनी चैटर्जी ने अपनी एक टिप्पणी में रेखांकित किया था, 2004 के आम चुनाव में एक बार फिर सत्ताधारी पार्टी को इसी प्रकार अप्रत्याशित हार का मुंह देखना पड़ा था। लेकिन, मानिनी ध्यान दिलाती हैं कि 1977 और 2004 की सत्ताधारी पार्टी की हारों में 'अप्रत्याशितता' के तत्व में एक बुनियादी अंतर था। 1977 की हार सत्ताधारी पार्टी के लिए इसलिए अप्रत्याशित थी कि उसे प्रेस के रूप में जनता की राय तक पहुंच ही हासिल नहीं थी, जबकि 2004 के चुनाव में उसकी हार इसलिए अप्रत्याशित थी कि तब तक जनसंचार की मुख्यधारा पर काबिज हो चुका इलेक्ट्रानिक मीडिया हालांकि मुख्यत: सत्ताधारी पार्टी के साथ था, फिर भी उसे आम लोगों की राय के बारे सही फीडबैक देने में असमर्थ था।

इमरजेंसी के बाद गुजरे पचास बरस में और 2004 के अप्रत्याशित नतीजे के बाद से गुजरे दो दशकों में, जाहिर है कि हमारे देश में मीडिया परिदृश्य में बहुत भारी बदलाव आए हैं। इसमें भी पिछले एक दशक में तो ये बदलाव और भी ज्यादा तेजी से हुए हैं। इन बदलावों में तीन तत्व मुख्य हैं। पहला यह कि परंपरागत मीडिया यानी पत्र-पत्रिकाओं के मुकाबले इलेक्ट्रानिक मीडिया का जबर्दस्त वर्चस्व कायम हो चुका है। दूसरा यह कि समूचे मीडिया परिदृश्य में इजारेदार पूंजीपतियों का बोलबाला हो गया है और इन इजारेदार पूंजीपतियों का लगभग पूरी तरह से वर्तमान सत्ताधारियों के साथ गठबंधन है। इस सूरत में, अपवादस्वरूप सोशल मीडिया को छोड़कर, स्वतंत्र मीडिया की लगभग कोई जगह ही नहीं बची है।

तीसरे, वर्तमान सत्ता ने भी मीडिया को अपने खूंटे से बांधने के लिए साम-दाम-दंड-भेद, सभी हथियारों का खुलकर इस्तेमाल किया है। इस सब के सामने इमरजेंसी का सेंसरशिप का राज तो बच्चों का खेल नजर आता है। इमरजेंसी के प्रतिबंध ज्यादातर नकारात्मक थे, जो सरकार की आलोचनाओं को छानकर रोकने की कोशिश करते थे। मीडिया की वर्तमान घेरेबंदी आक्रामक है, जो मीडिया को सत्तापक्ष की ओर से हमले का हथियार बनाती है। इन दस सालों में मीडिया को एक बहुत ही उपयुक्त परिचयात्मक नाम प्राप्त हुआ है—गोदी मीडिया। लेकिन, वास्तव में मीडिया की वर्तमान स्थिति को प्रतिबिंबित करने के लिए, गोदी मीडिया की संज्ञा भी अपर्याप्त लगती है। इसकी मुख्य वजह यह है कि सत्तापक्ष की जैसी आक्रामक सेवा अब इस गोदी मीडिया की आम पहचान बन चुकी है, गोदी मीडिया की संज्ञा उसे पूरी तरह से अभिव्यक्त करने में असमर्थ है।

हैरानी की बात नहीं है कि मीडिया पर सत्ताधारी गुट के लगभग मुकम्मल नियंत्रण के बावजूद, 2024 के आम चुनाव में, 2004 दोहराते-दोहराते बचा था। चार सौ पार का नारा लगाने वाली सत्ताधारी पार्टी ढाई सौ सीटों से भी नीचे रुक गयी और लोकसभा में अपने बूते बहुमत गंवा बैठी। जाहिर है कि सत्ताधारी पार्टी और उसके शीर्ष नेता के लिए, यह एक तगड़ा झटका था। फिर भी यह झटका 2004 या 1977 जितना निर्णायक नहीं बन सका, तो अन्य तमाम कारणों के लिए अलावा इसकी एक वजह, इस दौरान मीडिया के चरित्र में भारी बदलाव में हो सकती है। इसका तो हम पीछे जिक्र कर आए हैं कि किस तरह सत्ता की जेब में बैठे इजारेदारों के नियंत्रण से मुक्त रहने के अर्थ में 'स्वतंत्र मीडिया' को धकियाकर करीब-करीब बाहर ही कर दिए जाने के बाद, गोदी मीडिया का बोलबाला हो चुका है, जो सिर्फ मालिक की गोदी में सवार ही नहीं रहता है, मालिक के इशारे पर भौंकने और काटने वाला मीडिया भी है। और यह भोंकना और काटना सिर्फ राजनीतिक विपक्ष के खिलाफ ही नहीं है। यह भौंकना और काटना, तमाम जनतांत्रिक तथा धर्मनिरपेक्ष मूल्यों, संस्थाओं तथा तकाजों के खिलाफ बल्कि तमाम मानवीय मूल्यों के खिलाफ भी है।

इसका सबूत गज़ा से लेकर ईरान तक पर इजरायली-अमरीकी हमले के प्रति मीडिया की मुख्यधारा के रुख में मिल जाता है, जो बहुसंख्यक सांप्रदायिकता के रंग में रंगा हुआ है। यही चीज मीडिया को आम तौर पर सत्ताधारी पार्टी ही नहीं, बल्कि खासतौर पर संघ-भाजपा जोड़ी के हिंदुत्ववादी एजेंडे का हथियार बना देती है। इमरजेंसी के बाद गुजरे पचास साल में यही बड़ा बदलाव आया है। जहां इमरजेंसी में मीडिया आम तौर पर उसके साथ नहीं था बल्कि ज्यादातर उसके खिलाफ ही था, आज तब के मुकाबले हजारों गुना ताकतवर होने के बावजूद मुख्यधारा का मीडिया, सत्ताधारी गुट के, उसके एजेंडे के हित साधने का एक बड़ा, सक्रिय औजार बना हुआ है। वह तानाशाही का मीडिया था और यह उससे एक सीढ़ी ऊपर, नव-फासीवाद का मीडिया है।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# मोदी और ट्रंप की दोस्ती का सुनियोजित मिथक क्लस्टर बम की तरह फटा

**■ के रवींद्रन**

पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कथित रूप से मजबूत दोस्ती के बारे में किसी भी तरह के भ्रम को तोड़ दिया गया- एक ऐसा रिश्ता जिसे वर्षों से वैश्विक मंच पर भारत के उदय के प्रतीक के रूप में पेश किया जा रहा था।

हाउडी मोदी रैलियों और उत्साही सार्वजनिक इशारों के माध्यम से सावधानीपूर्वक कोरियोग्राफ की गयी रणनीतिक दोस्ती का मिथक आखिरकार तब खत्म हो गया जब ट्रंप ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की मेजबानी की और उसके बाद एक चौंकाने वाला बयान दिया। ट्रंप ने एक ऐसे लहजे में घोषणा की जिसमें भारत और पाकिस्तान के पास 'बहुत ही चतुर नेता' हैं और उन्होंने दोनों देशों के बीच युद्ध विराम बनाये रखने का श्रेय उन्हें दिया। सतही तौर पर, यह एक कूटनीतिक शिष्टता की तरह लग रहा था। लेकिन पंक्तियों और निहितार्थों के बीच पढ़ने पर यह नई दिल्ली के लिए एक झटका है, खासकर मोदी के लिए, जिन्होंने एक विशेष ट्रंप-मोदी मित्रता बंधन की छवि बनाने में महत्वपूर्ण राजनीतिक पूंजी का निवेश किया था।

इस घोषणा ने उत्तरों से अधिक प्रश्न छोड़े। जब ट्रंप ने पाकिस्तान के दूसरे 'चतुर' नेता का उल्लेख किया तो उनका आशय वास्तव में किससे था? क्या यह नाममात्र के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ थे, जिनका प्रभाव व्यापक रूप से सैन्य प्रतिष्ठान के बाद दूसरे दर्जे का माना जाता है? या यह जनरल असीम मुनीर थे - वही व्यक्ति जिसकी ट्रंप ने अभी-अभी मेजबानी की थी? दोनों ही व्याख्याएं मोदी के लिए घातक हैं। अगर ट्रंप मुनीर की तुलना मोदी से करते हैं, तो वे एक प्रतिद्वंद्वी देश के सैन्य अधिकारी को भारत के निर्वाचित नेता के समान पद पर बिठा देते हैं। अगर यह शहबाज शरीफ़ हैं, तो वे एक ऐसे व्यक्ति का समर्थन कर रहे हैं जिसे पाकिस्तान की सेना ने राजनीतिक ढांचे में खड़ा किया है, जिसे मोदी अक्सर अस्थिर और समझौतावादी कहकर उनका उपहास करते रहे हैं। किसी भी मामले में, मोदी न केवल पाकिस्तान के नेतृत्व की तुलना में बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनके कथित कद के मामले में भी कमतर नज़र आते हैं।

**ट्रंप का स्नेह हमेशा के लिए नहीं, बल्कि किराये पर उपलब्ध है। जिस व्यक्ति ने कभी मोदी को 'महान व्यक्ति' और 'भारत का मित्र' कहा था, उसी व्यक्ति ने अपने राष्ट्रपति काल के दौरान, भारत से किसी अनुरोध के बिना कश्मीर विवाद में मध्यस्थता की पेशकश भी की थी। उन्होंने बार-बार यह स्पष्ट किया कि किसी भी विदेशी नेता या सिद्धांत के प्रति वफादारी व्यक्तिगत लाभ और रणनीतिक लचीलेपन से दूसरे स्थान पर आती है।**

यह सिर्फ एक कूटनीतिक तिरस्कार नहीं है - यह एक राजनीतिक तमाशा है। सालों से, मोदी के समर्थक ट्रंप के साथ उनके संबंधों को भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव के सुबूत के रूप में पेश करते रहे हैं। टेक्सास और अहमदाबाद में जयकारे लगाती भीड़ के सामने हाथ मिलाते और हाथ हिलाते हुए दोनों नेताओं की छवि मोदी की वैश्विक राजनेता के रूप में स्थिति को पुख्ता करने वाली थी, न कि सिर्फ़ एक क्षेत्रीय शक्ति दलाल के रूप में। 'अबकी बार ट्रंप सरकार' एक नारे से कहीं ज़्यादा था; यह भारत के भाग्य को उस समय दुनिया के सबसे शक्तिशाली राजनीतिक ब्रांड से जोड़ने का एक प्रयास था। इसने घरेलू स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे यह कहानी मजबूत हुई कि मोदी सत्ता से बराबरी की बात कर सकते हैं। लेकिन पिछले हफ्ते की घटनाओं ने उस दिखावे को खत्म कर दिया है। ट्रंप ने अपने खास अंदाज में दुनिया को याद दिलाया है कि वे दोस्ती नहीं करते। वे लेन-देन करते हैं।

ट्रंप का स्नेह हमेशा के लिए नहीं, बल्कि किराये पर उपलब्ध है। जिस व्यक्ति ने कभी मोदी को 'महान व्यक्ति' और 'भारत का मित्र' कहा था, उसी व्यक्ति ने अपने राष्ट्रपति काल के दौरान, भारत से किसी अनुरोध के बिना कश्मीर विवाद में मध्यस्थता की पेशकश भी की थी। उन्होंने बार-बार यह स्पष्ट किया कि किसी भी विदेशी नेता या सिद्धांत के प्रति वफादारी व्यक्तिगत लाभ और रणनीतिक लचीलेपन से दूसरे स्थान पर आती है। इसलिए जब ट्रंप अब पाकिस्तान के नेतृत्व की प्रशंसा करते हैं - नागरिक या सैन्य - तो ऐसा इसलिए नहीं है कि उनका मन बदल गया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि वे इसमें अपने लिए कुछ देखते हैं। चाहे वह दक्षिण एशिया में अमेरिका की प्रासंगिकता को फिर से स्थापित करने के बारे में हो या बस कुछ घरेलू निर्वाचन क्षेत्रों को साधने के बारे में। ट्रंप दिखा रहे हैं कि अगर इससे डोनाल्ड ट्रंप को मदद मिलती है तो वे तुरंत बदलाव करने के लिए तैयार हैं।

मोदी के लिए, जिन्होंने रणनीतिक दूरदर्शिता और अंतरराष्ट्रीय गंभीरता की छवि बनाने के लिए सावधानीपूर्वक काम किया है, ट्रंप की टिप्पणी सिर्फ एक अजीब क्षण से कहीं अधिक है। यह एक सार्वजनिक अनुस्मारक है कि चाहे कितने भी गले मिलें या स्टेडियम भरे हों, ट्रंप जैसे नेताओं के अधीन कूटनीति एक हाई-वायर एक्ट है जिसमें कोई सुरक्षा जाल नहीं है। फिर भारत अकेला ऐसा देश नहीं है जिसने यह सबक कठिन तरीके से सीखा है। जर्मनी और फ्रांस जैसे पारंपरिक सहयोगियों ने, नाटो की तो बात ही छोड़िए, ट्रंप को बिना किसी हिचकिचाहट के अपने रुख बदलते, वायदे तोड़ते और धमकियां देते देखा है। उनकी विदेश नीति शैली उतनी यथार्थवादी नहीं है जितनी अवसरवादी है, जो अहंकार की सनक और व्यक्तिगत लाभ की अनिवार्यताओं से संचालित होती है। इस आलोक में, मोदी का ट्रंप के साथ प्रणय निवेदन रणनीतिक गठबंधन से कम और राजनीतिक नाटक से अधिक दिखता है - जहां पटकथा हमेशा एक अभिनेता द्वारा अकेले लिखी जाती है।

ट्रंप की टिप्पणी के बाद भारत सरकार ने स्पष्ट चुप्पी बनाये रखी है। निहितार्थों को कम करने के लिए कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया, कोई स्पष्टीकरण, कोई परदे के पीछे की ब्रीफिंग नहीं हुई है। यह चुप्पी बहुत कुछ कहती है। या तो नई दिल्ली को पता नहीं है कि कैसे जवाब देना है, या फिर वह इस उम्मीद में टिप्पणी को अनदेखा करना चुन रही है कि यह अगले समाचार चक्र के वजन के नीचे दब जायेगी। दोनों ही विकल्प अप्रिय हैं। एक ऐसी सरकार के लिए जिसने विश्व मंच पर अपनी मुखरता को प्रदर्शित करने का शायद ही कोई मौका छोड़ा हो। प्रतिक्रिया की कमी या तो इस बात का संकेत है कि मोदी कि या तो रणनीतिक गलतफहमियां हैं या उनके असहज अहसास हैं। मोदी की व्यक्तिगत कूटनीति का मिथक वास्तविकता के बोझ तले ढह रहा है।

इसका मतलब यह नहीं है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते खतरे में हैं। भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी किसी भी दो व्यक्तियों से बड़ी है, और वाशिंगटन में भारत के महत्व के बारे में द्विदलीय आम सहमति में इस बात की संभावना नहीं है कि ओवल ऑफिस में कोई भी बैठे, इसमें कोई बड़ा बदलाव आयेगा। लेकिन कूटनीति का निजीकरण-जो मोदी की विदेश नीति के दृष्टिकोण का केंद्र है-अब तेजी से जोखिम भरा लग रहा है। यह भारत को विदेशी नेताओं, खासकर ट्रंप जैसे नेताओं के अस्थिर व्यक्तित्व के प्रति संवेदनशील बनाता है, जो संस्थान से ज्यादा सहज ज्ञान पर काम करते हैं।

इसके अलावा, ट्रंप द्वारा पाकिस्तान की सेना का समर्थन-अंतर्निहित या स्पष्ट-भारतीय संदर्भ में विशेष रूप से कष्टप्रद है। भारतीय प्रतिष्ठान लंबे समय से यह मानता रहा है कि पाकिस्तानी सेना क्षेत्र में अस्थिरता का मूल कारण है, सीमा पार आतंकवाद के लिए जिम्मेदार इकाई है, और इस्लामाबाद की कमजोर नागरिक सरकारों की डोर खींचने वाला कठपुतली मास्टर है। उसी सेना प्रमुख की मेजबानी अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति द्वारा की जाती हुई देखना और उसकी एक चतुर नेता के रूप में प्रशंसा सुनना, एक लंबे समय से चले आ रहे घाव पर नमक छिड़कने जैसा है। यह वैश्विक समुदाय को नई दिल्ली के संदेश को भी जटिल बनाता है, जहां उसने अक्सर खुद को एक अनिश्चित पड़ोसी के विपरीत जिम्मेदार अभिनेता के रूप में चित्रित करने की कोशिश की है। शशि थरूर मोदी मिशन के साथ आधा दर्जन और यात्राएं कर सकते हैं, लेकिन इससे ज़रा भी बदलाव नहीं होने वाला है।

## आपके पत्र

### इजरायल-ईरान युद्ध दुनिया में दहशत का माहौल

इजरायल-ईरान का युद्ध दुनिया के विनाश के निमित बन सकता है। रूस-यूक्रेन की आग शांत ही नहीं हुई और ईरान पर इजरायल ने युद्ध थोप दिया। लोगों का रुदन और दहशतगर्दी की बीच सहायता के लिए हाथ उठा रही है। जंग में यहूदियों के खिलाफ मुस्लिम देश एक होने के लिए अपील की गई है। भारत के लिए दोनों देशों का रिश्ता मैत्रीपूर्ण रहा है। हालांकि, वो बात अलग है कि ईरान मित्र देश है और इजरायल भी भारत का साथी देश है। कारगिल युद्ध के दौरान इजरायल ने दोनों हाथ खोलकर भारत की मदद की थी। उस दौर में भारत की सैन्य ताकत नगण्य थी। आज भारत ताकतवर देश बन गया है। वो दिन भूले नहीं जा सकते। ईरान में भारत के दस हजार लोग फंसे हुए है। उनको बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। दो दिन पूर्व ईरान से नागरिकों को भारत भेजा गया था। इजरायली ड्रोन को कार के जरिये पहुंचाए गए हैं। हालांकि ईरान भी ताकतवर देश है। ईरान के पास बीस हजार मिसाइलें हैं। इजरायल के कई शहरों पर मिसाइल हमला कर ईरान ने इजरायल को भारी क्षति पहुंचाई है। ख़मनेई को सरेंडर के लिए कहा गया था लेकिन वो सुपरपावर है। खामेनेई सरेंडर नहीं करने वाले। जबकि इनके सरेंडर करते ही युद्ध खत्म हो सकता है। लेकिन ये देश जिद्दी स्वभाव के हैं। कोई किसी से कम नहीं है। ईरान और इजरायल की जंग से दुनिया को चिंता में डाल दिया है। यदि यह युद्ध ज्यादा चला तो विश्व को बहुत कुछ सहन करना पड़ेगा। ख़मेनेई दुनिया की आंख में धूल झोंक सकते हैं लेकिन अमेरिका को मालूम है कि ख़मेई कहा छुपा है। इजरायल के हमले से 6 सौ से ज्यादा मौतें हो गई है। इससे यह प्रतीत होता है कि युद्ध सिर्फ विनाश लीला ही करता है। विनाशकारी युद्ध से दोनों देशों को नुकसान है। जो यह सोच रहे हैं कि हम सेना की ताकत रखते हैं। उसके लिए यूक्रेन को देखें। साजोसामान नहीं होने और रूस के समक्ष सैन्य ताकत जीरो होने के बाद तीन वर्षों से मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। भविष्य का कोई कुछ कहा नहीं जा सकता। अमेरिका और इजरायल को भी पता है कि ईरान एक शक्तिशाली देश है। उसकी 295 फिट जमीन से नीचे फौर्दो लैब बनी हुई है। इसको भेदना इजरायल के वश का काम नहीं है। अमेरिका ही उसको भेद सकता है। 86 साल के ख़मेनेई एक मौलवी से सुपरलीडर बन गए। इजरायल को ख़मेनेई फूटी आंख नहीं सुहाते हैं। सीरिया,लेबनान और हमास के बाद ईरान को ठीक करने पहुंचा इजरायल की ताकत भी कम नहीं है। ईरान ने कहा भी है कि इजरायल हमला रोकता है तो हम बातचीत के लिए तैयार हैं। लेकिन इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू बात सुनने के लिए तैयार नहीं है। अभी हाल ही में ईरान के कलस्टर बम ने इजरायल को भारी नुकसान पहुंचाया है। हमले जारी है। मिसाइलें दागी जा रही हैं। ईरान से जो लोग स्वदेश लौटे हैं। उनका कहना है कि अपना देश तो अपना देश होता है। ईरानी राष्ट्रपति ने बयान भी दिया था कि परमाणु प्रोग्राम हमारा हक है। वे झुकने के लिए तैयार नहीं है। शायद इजरायल ईरान पर हमला करके फंस गए हैं। हर रोज छह हजार करोड़ का खर्च हो रहा है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी की है। इस विनाशकारी युद्ध को दुनिया निहार रही है। लेकिन सांत्वना के दो शब्द या युद्ध रोकने की अपील कोई नहीं कर रहा है। इस युद्ध से दुनिया में आग नहीं लगे तो अच्छा है। क्योंकि एक दूसरे देश के साथ मैत्रीपूर्ण रिश्ते है। अगर एक दूसरे के मददगार बनते हैं तो तीसरे विश्व युद्ध की आहट सुनाई दे सकती है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### विदेशों में कालाधन?

*'यह प्रकरण आपातकाल का था जिसमें श्री नायर को जिनेवा के एक बैंक खाते में छह मिलियन डॉलर जमा करने भेजा गया था। मोरारजी देसाई को संदेह हुआ कि हो न हो, यह खाता संजय गांधी का है।'*

*'जब छानबीन पूरी हुई तो मामला कुछ और ही निकला। 1974 के पोखरण आण्विक प्रयोग के बाद अमेरिकी सरकार ने भारत को दी जाने वाली सहायता में भारी कटौती कर दी थी। देश में गंभीर आर्थिक संकट था। तब भारत सरकार ने ईरान के शाह से दो सौ पचास मिलियन डॉलर का कर्ज आसान शर्तों पर मांगा था। इसके लिए इंदिरा सरकार ने हिन्दूजा बंधुओं की सेवाएं लीं (जिनके बहुत अच्छे संबंध शाह के साथ थे)। उन्होंने शाह की बहन अशरफ पहलवी के माध्यम से ऋण हेतु आवेदन करवाया और शाह ने भारत को सहायता देना स्वीकार कर लिया। इस राशि का एक हिस्सा कर्नाटक की कुदुर्मुख लौहअयस्क परियोजना में लगना था और दूसरे भाग का उपयोग देश की आवश्यक वस्तुओं की आयात करने के लिए होना था। शाह की बहन अशरफ पहलवी ने इस ऋण पर छह मिलियन डॉलर का कमीशन एक ईरानी नागरिक रशीदयान को देने के लिए कहा। यह व्यक्ति अशरफ का घनिष्ठ मित्र था। हिन्दूजा के माध्यम से भारत सरकार को संदेश मिलने पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने जिनेवा के एक बैंक को टेलेक्स पर इस राशि का ड्राफ्ट बनाकर श्री नायर को सौंपने का निर्देश दिया। इसके बाद वित्त मंत्रालय ने श्री काव से आग्रह किया कि नायर जिनेवा जाकर बैंक ड्राफ्ट हासिल कर लें और उसे रशीदयान के खाते में जमा कर दें। बात यहां खत्म हो गई।'*

**(देशबन्धु में 21 अगस्त 2014 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/08/blog-post_21.html

## पावन प्रसंग

### तपस्वी बनने का पथ

भारत की पुण्यधरा पर असंख्य महापुरुषों ने जन्म लेकर इस संपूर्ण वसुधा को धन्य धन्य किया है। इन्हीं महापुरुषों में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर वर्धमान महावीर का नाम भी आता है। उनका जीवन उच्च आदर्शों, प्रेरणाओं से पूर्णतया भरा हुआ है और सबके लिए आदर्श और अनुकरणीय भी है। लंलाप ऊी उन्हीं को याद करता है, जो संसार के हित के लिए कुछ कर जाते हैं और फिर महावीर का जीवन तो पूर्णतया के कल्याण के लिए ही समर्पित रहा। यदि वे चाहते तो किसी गुफा या कंदरा में साधना कर के स्वयं को आत्मलाभ, ऋद्धि-सिद्धियां अथवा निर्वाण प्राप्ति मात्र तक सीमित रखते, पर उनकी साधना का उद्देश्य मात्र स्वयं लाभ प्राप्त कर लेना कर्त न था। इसलिए वे आजीवन हजार कष्ट सहकर भी संसार के कल्याण के लिए कार्य करते रहे। वे आत्म प्रतिष्ठा, निर्वाण प्राप्त कर लेने के बावजूद भी मानवता के कल्याण में आजीवन लगे रहे। उनके जीवन पर दृष्टि डालेंतो यह स्पष्ट हो जाता है कि जनकल्याण की भावना से जन्मी हुई महावीर की सेवा भावना दिनोंनिद बढ़ती गई और वे अपनी संकुचित सीमा से निकलकर संसार की विस्तृत परिधि में प्रवेश करते हगए। ज्यों-ज्यों उनका यह विकास बढ़ता गया, वे व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं से विरक्त ही नहीं, बल्कि प्राणिमात्र के लिए व्याकुल होते गए और आखिर शीघ्र ही वह घड़ी आ गई, जब उनकी करुणासिख्त आत्मा ने लोक मंगल के लिए संन्यास लेने की ठान ली।

महावीर के पिता राजा सिद्धार्थ को मंत्रियों केवल सूचना दी बल्कि यह परामर्श भी दिया कि महाराज! आप कुमार वर्धमान को साधु संन्यासी होने से रोकें। माता-पिता ने राजकुमार को डांट- फटकार से बदलता न देखा तो उन्होंने उनके विरक्त भावना के विरुद्ध उन्हें विवाह बंधन में बांध दिया। अपनी इच्छा के विरुद्ध हुए विवाह को महावीर यदि एक बोझ की तरह ढोने तो यह उस पत्नी के प्रति घोर अन्या होता, अस्तु अपनी इच्छाके विरुद्ध विवाह होने पर भी महावीर अपने गृहस्थ धर्म की जिम्मेदारियों का पालन करने लगे पर फिर भी संसार की सेवा और विरक्ति की भावना उनमें कम न हुई। राजकुमार वर्धमान ने अपने दाम्पत्य जीवन को एक आदर्श जीवन की तरह चलाया। राजकुमार होने के बावजूद भी वे एक साधारण व्यक्ति की तरह गृहस्थी के छोटे-बड़े कार्यों में रुचि लेते और सेवकों के होते हुए भई सारे काम स्वयं ही करते। राजकुमार वर्धमान ने अपनी पत्नी को आत्मा की गहराई से इस सीमा तक प्यार किया कि उसका मानवीय अनुरा श्रद्धा में बदल गया और उसका सारा मोह,वर्धमान की महानता में विलीन हो गया। उनकी पत्नी राजकुमारी यशोदा ने यह स्पष्ट अनुभव कर लिया कि उसका पति परमात्मा का पूर्ण प्रतिबिन्म्ब है। वे केवल उसकी ही संपत्ति नहीं, बल्कि सारे संसार की विभूति हैं, जिसका लाभ दुनिया की दुखी मानवता को मिलना ही चाहिए। कुछ समय

बाद एक पुत्री रत्न की प्राप्ति के बाद राजकुमारी संतुष्ट हो गई। पति की इच्छानुसार उन्हें संसार के कल्याण के लिए सौंप दिया। जो संसार में रहकर भी संसार की आसक्ति से मुक्त हैं उनके लिए विवाह भी कोई बंधन नहीं रोक सकता। जोअंतरात्मा से मोह और आसक्ति से विरक्त हो चुका हो, उसे भला संसार का कौन सा प्रलोभन ध्येय मार्ग से विचलित कर सकता है। वर्दमान ने गृहस्थी को अनासक्त भाव से भोगा। वर्धमान ने अरने ,सरल स्वभाव तथा सादा जीवन से जनसाधारण के सम्मुख सामान्य जीवन का एक आदर्श उपस्थित कर दिया। अपने बुद्धिमत्ता पूर्ण व्यवहार से वर्धमान ने पत्नी को भी परोपकार केलिए हर त्याग करने के लिए तैयार कर लिया था। अपने माता-पिता का वे बहुत सम्मान करते थे, पर हां, पुत्र मोह के कारण माता-पिता नहीं चाहते थे कि उनका पुत्र साधु-संन्यासी बन जाए। समय आया और जो माता-पिता अपने को छोड़ कर वर्धमान को परमार्थ पथ पर नहीं जाने देना चाहते थे, वे ही एक दिन स्वयं उसे छोड़कर चले गए। माता पिता की आकस्मिक मृत्यु ने उनमें यह विचार और प्रबल कर दिया कि किसी कार्य में देर न करनी चाहिए, क्योंकि इस क्षणभंगुर संसार में कोई भरोसा नहीं कि यह क7 धोखा दे जाए। वर्धमान को घर से जाते देखकर उनके बड़े भाई नंदिवर्धमान ने उन्हें रोककर कहा अभी माता पिता का विछोह का दुख दूर भी नहीं हुआ अब तुमभी छोड़कर जा रहे हो। उन्होंने वर्धमान से दो वर्ष और रुक जाने का आग्रह किया। फिर अपने अग्रज की बात मान कर साधु की तरह जीवन व्यतीत कर सारी संपत्ति को स्नेहियो स्वजनों में बांट कर साधु जैसा जीवन जीन लगे।

**-अंखंड ज्योंत**

# खेल जगत

## हमारी कोशिश, 2036 के ओलंपिक में 36 से ज्यादा मेडल लाए भारत : मीनू बेनीवाल

**करनाल।** 'इंटरनेशनल ओलंपिक डे' के मौके पर सोमवार को करनाल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष मीनू बेनीवाल पहुंचे। मीनू बेनीवाल ने बताया उनकी कोशिश है कि भारत 2036 के ओलंपिक में 36 से भी ज्यादा मेडल लेकर आए। मीनू बेनीवाल ने यहां पत्रकारों से कहा, 'काफी सालों से ओलंपिक डे मनाया जा रहा है। इससे एक बेहतर संदेश जा रहा है। ओलंपिक में हरियाणा के ज्यादा से ज्यादा मेडल आएं, इसके लिए लगातार कोशिश की जा रही हैं। अलग-अलग खेलों के लिए एक्सीलेंस सेंटर बनाए जा रहे हैं। खिलाड़ियों को और ज्यादा सुविधा मुहैया हो, उसके लिए भी काम किया जा रहा है। हम खेलों से राजनीति को दूर रखेंगे। खिलाड़ियों का सिलेक्शन निष्पक्ष तरीके से होगा।



## इंग्लैंड बनाम भारत टेस्ट मैच

# भारत की बढ़त 150 रन के पार, केएल राहुल ने संभाला मोर्चा



राहुल 72 रन पर नाबाद

**लीड्स,** 23 जून (एजेंसियां)। केएल राहुल ने अपनी बेहतरीन तकनीक और अनुभव का प्रदर्शन करते हुए पहली एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी टेस्ट मैच के चौथे दिन लंच तक भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। हेडिंग्ले में खेले जा रहे इस मुकाबले में भारत ने अपनी दूसरी पारी में 48 ओवर में 3 विकेट पर 153 रन बना लिए हैं और इंग्लैंड पर अब तक 159 रन की बढ़त हासिल कर ली है। राहुल 72 रन पर नाबाद हैं, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 31 रन बनाकर उनका साथ दे रहे हैं। दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिए अब तक 61 रन की साझेदारी कर ली है।

दिन की शुरुआत भारत के लिए अच्छी नहीं रही। भारत ने 90/2 से आगे खेलना शुरू किया और पहले ही ओवर में कप्तान शुभमन गिल (8 रन) को ब्राइडन कार्स ने क्लीन बोल्ड कर दिया। गिल, जो पहली पारी में 147 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे थे, इस बार अंदर आती गेंद पर चूक गए और गेंद स्टंप्स में जा घुसी। इसके बाद राहुल ने मोर्चा संभाला और परिस्थितियों के अनुसार संयम भरा खेल दिखाया। इंग्लैंड के गेंदबाजों को मदद मिल रही थी। गेंद हल्की उछाल ले रही थी, लेकिन राहुल ने धैर्य के साथ डटे रहकर अपना 18वां टेस्ट अर्धशतक पूरा किया। ऋषभ पंत ने आक्रामक अंदाज में शुरुआत की, लेकिन कुछ जोखिमपूर्ण शॉट्स खेले। एक बार उन्हें एलबीडब्ल्यू दिया गया, लेकिन डीआरएस में पता चला कि अंदर का किनारा था। एक और मौके पर कार्स की गेंद पर स्वीप करते हुए उनका टॉप एज फाइन लेग पर खाली जगह में गिरा। इसके बाद उन्होंने अपने खेल को संयमित किया और खुद को संभाला। राहुल को 58 के स्कोर पर जीवनदान मिला, जब हैरी ब्रुक ने गली में उनका कैच छोड़ दिया। इसके बाद दोनों बल्लेबाजों ने सावधानीपूर्वक खेलते हुए लंच तक कोई और विकेट नहीं गिरने

### जसप्रीत बुमराह टीम इंडिया के एसेट, उन्हें पता है विकेट कैसे लें : प्रवीण आमरे

मुंबई। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने लीड्स में जारी पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया। इंग्लैंड की पहली पारी में बुमराह ने पांच विकेट निकाले। पूर्व भारतीय क्रिकेट और कोच प्रवीण आमरे ने बुमराह को जमकर सराहा है। प्रवीण आमरे ने जसप्रीत बुमराह की तारीफ करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि बुमराह टीम इंडिया के अब तक के सबसे बेहतरीन गेंदबाज हैं। वह हर फॉर्मेट में प्रदर्शन करते हैं। उनमें विकेट की भूख है।' उन्होंने आगे कहा, 'यह सबसे बढ़िया बात है। उन्हें पता है कि विकेट कैसे निकाले जाते हैं। वह टीम इंडिया के लिए एसेट हैं। जिस तरह से वह गेंदबाजी कर रहे हैं, हम चाहेंगे कि वह पूरी सीरीज में फिट रहें। जैसे बैटिंग में सचिन तेंदुलकर के ऊपर जिम्मेदारी होती थी, मुझे लगता है कि आज गेंदबाजी में बुमराह के ऊपर वही जिम्मेदारी होती है।'

# भारत ने बेल्जियम को हराया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह




**नई दिल्ली,** 23 जून (देशबन्धु)। स्ट्राइकर सुखजीत सिंह और दिलप्रीत सिंह का एफआईएच पुरुष प्रो हॉकी लीग 2024-25 का बेल्जियम के खिलाफ रविवार को उसके घर एंटवर्प में रिटर्न व 16 वां आखिरी मैच भारत के लिए सौवां अंतरराष्ट्रीय मैच था। सुखजीत सिंह के दो तथा ड्रैग फ्लिकर अमित रोहिदास तथा कप्तान हरमनप्रीत सिंह के अंतिम पूर्व मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर दागे एक एक गोल की बदौलत भारत ने बेल्जियम को रिवर्स मैच को पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2024-23 June, 2025, Bharat kiwz के यूरोपीय चरण में रविवार रात लगातार सात मैच एक गोल के अंतर से हारने के बाद अतत: अपने आखिरी मैच में 4-3 से हरा कर अपना अभियान 16 मैचों में इकलौती जीत 14 अंकों व आठवे स्थान पर रह कर साथ समाप्त किया। पराजित बेल्जियम के लिएऑर्थर डी स्लूवर, थियूबू स्टोकब्राइक्स और हयूगो लबूशेर ने किया।

बेल्जियम ने आक्रामक अंदाज पर आगाज कर भारत की रक्षापंक्ति को बिखेर दिया और आर्थर डी स्लूवर ने ठीक डी के उपर से आठवें मिनट में गोल कर मेजबान टीम का खाता खोला। भारत को मैच के 20 वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन इस पर हरमनप्रीत सिंह के ड्रैग फ्लिक को बेल्जियम ने रोक कर जवाबी हमला बोला लेकिन भारत के गोलरक्षक कृष्ण बहादुर पाठक ने रोक उसे अपनी बढ़त 2-0 करने से रोक दिया। अगले ही मिनट ड्रैग फ्लिकर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर तेज ड्रैग लफ्क किया इस परलौटती गेंद को सुखजीत सिंह ने गोल में डाल कर भारत को एक एक की बराबरी पर रोक दिया। अभिषेक दूसरे वॉर्टर के शुरू में बहुत करीब से गोल करने से चूके। हाफ टाइम तक स्कोर एक एक रहा।

थियाबू स्टोकब्राइक्स ने तीसरे क्वॉर्टर के चौथे मिनट में गोकर कर बेल्जियम को 2-1 से आगे कर दिया। अगले दो मिनट में पहले सखजीत सिंह ने अभिषेक के पास पर मैच के 36 वें मिनट में मैच का अपना दूसरा गोल कर भारत को दो दो की बराबरी दिला दी। अमित रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारत को पहली बार मैच 3-2 से आगे कर दिया। शमशेर ने गेंद को गोल में डाला लेकिन बेल्जियम के विडियो रेफरल पर इसे अमान्य कर दिया। चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के छठे मिनट में हयूगो लबूशेर ने अपना अंतरराष्ट्रीय गोल कर बेल्जियम को तीन तीन की बराबरी दिला दी भारत को मैच के अंतिम पूर्व मिनट पर मिले पेनल्टी स्ट्रोक को कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल में बदल कर भारत को 4-3 से आगे कर दिया। भारत के स्ट्राइकर सखजीत सिंह ने कहा, 'हमने मैच मे अच्छी वापसी की॥ हम हर मच में विश्वास के साथ चेले। हम जिस तरह रविवार को खेले उसमें और बेहतर करने की गुंजाइश है।'

# 'ओलंपिक डे' पर बीसीसीआई और जय शाह का संदेश, 'लेट्स मूव प्लस 1' अभियान को बढ़ावा

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। 'इंटरनेशनल ओलंपिक-डे' के मौके पर सोमवार को आईसीसी अध्यक्ष जय शाह और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने 'लेट्स मूव +1' अभियान को बढ़ावा दिया है। इसके साथ ही मजबूत, स्वस्थ भारत की ओर कदम बढ़ाने का आग्रह किया।

जय शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'क्रिकेट ने हमेशा हमें एकजुट किया है। अब यह ओलंपिक का हिस्सा है। इस ओलंपिक डे पर, आइए प्रेरणा, जुड़ाव और उत्थान के लिए खेल की ताकत का जश्न मनाएं। अपने +1 को टहलने, दौड़ने या क्रिकेट खेलने के लिए आमंत्रित करें। एक मजबूत, स्वस्थ भारत की ओर कदम बढ़ाएं। साथ मिलकर, आइए ओलंपिक गेम्स को घर लाने की अपनी यात्रा पर आगे बढ़ते रहें!'

बीसीसीआई ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, 'क्रिकेट ओलंपिक गेम्स में शामिल हो गया है। यह हमारे प्रिय खेल के लिए एक ऐतिहासिक छलांग है। इस ओलंपिक डे पर, आइए खेलों की शक्ति का जश्न मनाएं, जो लोगों को जोड़ती है और प्रेरित करती है। लेट्स मूव अभियान के जरिए हम आपको अपना '+1' चुनने और आगे



बढ़ने के लिए आमंत्रित करते हैं। चाहे वह टहलना हो, दौड़ना हो या क्रिकेट का खेल हो। साथ मिलकर, हम एक स्वस्थ, ज्यादा एकजुट भारत का निर्माण कर सकते हैं। जब हम साथ मिलकर चलते हैं, तो बेहतर तरीके से आगे बढ़ते हैं। आइए, अपने सपने को साकार करें- भारत में ओलंपिक!'

'लेट्स मूव' इस साल ओलंपिक-डे की थीम है। यह दिवस 1894 में आधुनिक ओलंपिक खेलों की स्थापना के मौके पर हर साल 23 जून

> 'क्रिकेट ने हमेशा हमें एकजुट किया है। अब यह ओलंपिक का हिस्सा है। इस ओलंपिक डे पर, आइए प्रेरणा, जुड़ाव और उत्थान के लिए खेल की ताकत का जश्न मनाएं: जय शाह

को मनाया जाता है। इस वर्ष, सभी को अपने साथ चलने, दौड़ने, डांस करने, कूदने और घूमने के लिए '+1' को आमंत्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत लोग बस किसी मित्र को अपने साथ शामिल होने या कसरत करने के लिए कह सकते हैं। क्रिकेट ने 1900 में पेरिस ओलंपिक में अपनी एकमात्र उपस्थिति दर्ज की थी। इसके बाद इस खेल को 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में शामिल किया गया है। आईसीसी ने आगामी ओलंपिक में क्रिकेट वेन्यू के तौर पर दक्षिण कैलिफोर्निया के पोमोना में फेयरग्राउंड को चुना है, जहां पुरुष और महिला प्रतियोगिताओं में छह-छह टीमें शामिल होंगी। 2010, 2014 और 2023 में एशियन गेम्स में पुरुषों और महिलाओं दोनों की टी20 प्रतियोगिताएं शामिल थीं, जबकि बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में महिलाओं की प्रतियोगिता आयोजित की गई।

# झिन्यू को हराकर वोंड्रोसोवा ने जीता बर्लिन ओपन का खिताब

**बर्लिन,** 23 जून (एजेंसियां)। चोटों से ग्रस्त चेक गणराज्य की टेनिस खिलाड़ी मार्केटा वोंड्रोसोवा ने दो साल बाद वापसी करते हुए चीन की वांग झिन्यू को हराकर बर्लिन ओपन में महिला एकल का खिताब जीत लिया। पूर्व चैंपियन वोंड्रोसोवा ने रविवार खेले गये फाइनल मुकाबले में चीन की वांग झिन्यू पर 7-6 (12-10) 4-6 6-2 से जीत दर्ज की। वोंड्रोसोवा को पहले सेट के कड़े टाईब्रेक में उन्हें छह सेट प्वाइंट भी बचाने पड़े। वोंड्रोसोवा ने निर्णायक मैच में दबदबा बनाया और डबल ब्रेक हासिल कर अपने करियर का तीसरा खिताब जीता। विम्बलडन शुरु होने से एक सप्ताह मिली इस जीत से वोंड्रोसोवा का आत्मविश्वास बढ़ा है। मैच के बाद वोंड्रोसोवा ने कहा कि प्रशंसकों की बड़ी संख्या को देखकर अच्छा लगा। मैंने इस सप्ताह टेनिस और समर्थकों का वास्तव में आनंद लिया।



■ चीन की वांग झिन्यू पर 7-6 (12-10) 4-6 6-2 से जीत दर्ज की

इस बीच, ब्रिटिश युगल की नंबर वन खिलाड़ी ओलिविया निकोल्स ने स्लोवाकिया की टेरेजा मिहालिकोवा के साथ युगल वर्ग का खिताब जीता। उन्होंने फाइनल मुकाबले में इटली की शीर्ष वरीयता प्राप्त सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी की जोड़ी को 4-6, 6-2, 10-6 से हराया।

# जिरी लहेच्का को हराकर कार्लोस अल्कराज ने जीता क्वींस क्लब खिताब



■ कार्लोस ने लहेच्का को 7-5, 6-7(5), 6-2 से हराया

**लंदन,** 23 जून (एजेंसियां)। टेनिस में शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने चेक गणराज्य के जिरी लहेच्का को हराकर क्वींस क्लब चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। रविवार रात खेले गये मुकाबले में स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी अल्काराज और चेक गणराज्य के लहेच्का को 7-5, 6-7(5), 6-2 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। अल्काराज का यह दूसरा क्वींस क्लब खिताब है। मैच के बाद अल्काराज ने स्वीकार किया कि उन्हें इस बार ट्रॉफी जीतने की उम्मीद नहीं थी। क्योंकि इस महीने की शुरुआत में फ्रेंच ओपन खिताब जीतने के बाद दो दिन तक ग्रास कोर्ट पर अभ्यास कर कोर्ट पर उतरना मुश्किल था।

पांच बार के ग्रैंड स्लैम विजेता अल्काराज ने कहा, 'मैं यहाँ बिना किसी उम्मीद के आया हूँ। मैं यहाँ केवल दो, तीन मैच खेलने, घास पर अच्छा महसूस करने और खुद को फीडबैक देने के लक्ष्य के साथ आया हूँ कि मुझे क्या सुधार करना है, क्या बेहतर करना है। मैं घास पर बहुत जल्दी अभ्यस्त हो गया और इस पर मुझे गर्व है।' 23 वर्षीय जिरी लहेच्का ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूँ कि मुझे आज खिताब के लिए लड़ने का मौका मिला। मैंने आज अपना सर्वश्रेष्ठ दिया, दुर्भाग्य से यह पर्याप्त नहीं था, लेकिन क्वींस में वापस आना हमेशा शानदार होता है।'

# वेस्टइंडीज की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को छह विकेट से हराया

**केव हील,** 23 जून (एजेंसियां)। कप्तान हेली मैथ्यूज (एक विकेट/नाबाद 63) की हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर वेस्टइंडीज की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को चार गेंदे शेष रहते छह विकेट से हराया दिया है। इस जीत के साथ ही वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली है। वेस्टइंडीज की महिला टीम ने रविवार रात खेले गये मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही और वेस्टइंडीज के गेंबदाजी आक्रमण के उसके बल्लेबाज खुलकर नहीं खेल सके और नियमित अंतराल पर विकेट गवांते रहे। दक्षिण अफ्रीका ने एनरी डार्कसन (नाबाद 21), नडीन डी क्लर्क (20), कप्तान लॉरा वुलफार्ट (16), करबो मेसो (नाबाद 14), तेजमिन ब्रिट्स (14) रनों के योगदान से



■ कप्तान हेली मैथ्यूज ने नाबाद 63 रन की पारी खेली

निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 113 रन का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से ऐफी फ्लेचर और करिश्मा रामहैरक ने दो-दो विकेट लिये। जे. क्लैक्सटन और हेली मैथ्यूज ने (एक-एक) विकेट लिए।

इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की किआना जोसेफ और हेली मैथ्यूज की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 41 रन जोड़े। आठवें ओवर में अयाबोंगा खाका ने किआना जोसेफ (17) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद वेस्टइंडीज की पारी लडखड़ा गई और उसने एक के बाद एक अपने तीन और विकेट गवां दिये। एस. हेक्टर (तीन), शमैन कैंपबेल (सात) और शिनेल हेनरी (तीन) रन बनाकर आउट हुई। हालांकि इस दौरान हेली मैथ्यूज एक छोर थामे रन बनाती रही। उन्होंने जैनिलिया ग्लास्गो के साथ पांचवें विकेट लिए 39 रनों की अविजित साझेदारी कर 19.2 ओवर में चार विकेट पर 116 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। दक्षिण अफ्रीका के लिए एन म्लाबा ने दो विकेट लिये। एम क्लास और अयाबोंगा खाका ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# ललित उपाध्याय ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को कहा अलविदा

**नई दिल्ली,** 23 जून (देशबन्धु)। दद्दा ध्यानचंद के बाद भारत ही नहीं दुनिया के हॉकी के सबसे बड़े कलाकारों में एक मोहम्मद शाहिद जैसे कलाकारों की नगरी कहे जाने वाले बनारस (वाराणसी) के बाशिंदे उन्हीं की तरह अंतरराष्ट्रीय हॉकी में एक दशक से अपनी कलाकारी दिखा भारतीय हॉकी प्रेमियों को मोहित करने वाले लगातार दो बार ओलंपिक में कांसा जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य ललित उपाध्याय ने रविवार रात अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने की घोषणा कर दी। ललित उपाध्याय की हॉकी पर गेंद के साथ उनकी रफ्तार भले ही अब कुछ कम हो गई हो लेकिन उनकी हॉकी की कलाकारी में आज भी पहले जैसी है।

ललित ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने की घोषणा भारत के बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो हॉकी लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के खिलाफ आखिरी मैच के बाद

■ पेनल्टी शूटआउट में अखरेगी ललित की कलाकारी से गोल करने की कला

■ ललित का स्थान लेने के लिए अब रहेगी उत्तम और अरिजित हुंडल में होड़

सोशल मीडिया पर की। ललित एफआईएच प्रो लीग 2024 25 के यूरोपीय चरण में आठ में चार मैच खेले और भारत के लिए आखिरी मैच 15 जून का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला और इसमें भारत को 2-3 से हार झेलनी पड़ी थी। इसके साथ ही ललित के शानदार अंतरराष्ट्रीय हॉकी करियर का समापन हो गया। ललित उपाध्याय ने भारत के लिए अपना पहला अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच 31 मई, 2014 को बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में हेग (नीदरलैंड) में खेला और इसमें भी उनके आखिरी मैच की तरह भारत को 2-3 से हार झेलनी पड़ी थी। अब भारत के लिए ललित



उपाध्याय की जगह लेने के लिए उन्हीं तरह बनारस के ही उत्तम सिंह, जूनियर भारतीय हॉकी टीम के कप्तान अरिजित सिंह हुंडल में खासी होड़ रहेगी।

बनारस के भक्तापुर गाव के 31 बरस के ओलंपियन ललित उपाध्याय ने भारत के लिए अपना अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच व टूर्नामेंट 2014 में हेग (नीदरलैंड) में ओलंपियन सरदार सिंह की कप्तानी में एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के रूप में खेला। तभी से ललित से मेरा परिचय हुआ तो तभी से मैंने उन्हें बराबर 'पंडित' कह कर पुकारा और उसी शालीनता से, हां भाई साहब कह कर हॉकी पर हर सवाल का उन्होंने जवाब दिया। ललित ने भारत के 183 अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैच खेले और 67 गोल किए। 2011 से हॉकी में मैच के निर्धारित समय में ड्रॉ रहने पर फैसले के लिए पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए टाईब्रेकर का नियम खत्म होने के बाद पेनल्टी शूटआउट का नियम लागू किया गया। पेनल्टी शूटआउट में स्ट्राइकर को 23 मीटर अथवा 25 गज की रेखा से आठ सेकंड के भीतर गोलरक्षक को छका गोल करना होता है। पेनल्टी शूटआउट में अपनी हॉकी की कलाकारी से गोल करने में ललित उपाध्याय बेजोड़ और बराबर गोल करने में कामयाब रहे। भारत को ललित उपाध्याय के मैदानी गोल करने और पेनल्टी कॉर्नर दिलाने के साथ अब -पेनल्टी शूटआउट में उनकी कलाकारी से गोल करने की कला।

ललित उपाध्याय के पास हॉकी की कलाकारी के साथ वक्त पर प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को डी के डॉज देकर गोल करने की कला तो थी उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर बनाना भी खूब आता था। भारत को बतौर स्ट्राइकर ललित उपाध्याय की हॉकी की कलाकारी और डी के भीतर चतुराई बहुत अखरेगी। ललित उपाध्याय भारत की 2020 की टोक्यो ओलंपिक और 2024 में पेरिस ओलंपिक में कांसा जीतने वाली टीम के सदस्य रहे। टोक्यो ओलंपिक में चोट के चलते हालांकि वह कुछ ही मैचों में खेल पाए लेकिन जिन भी मैचों में खेले उनमें उन्होंने अपनी कलाकारी दिखाई।

## सार संक्षेप

### एमएलसी 2025 : जिसने भारत को जिताया अंडर-19 वर्ल्ड कप, अमेरिका में बिखेर रहा जलवा

**नई दिल्ली।** उन्मुक्त चंद भारत को अपनी कप्तानी में अंडर-19 वर्ल्ड कप जिताने वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन कभी सीनियर टीम में जगह नहीं बना सके। यही वजह रही कि वह भारत छोड़कर अमेरिका में क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्मुक्त चंद फिलहाल मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमलसी) में खेल रहे हैं, जहां उन्होंने सीजन के 12वें मैच में अपना जलवा बिखेरा। उन्मुक्त चंद ने न सिर्फ अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से लॉस एंजिल्स को जीत दिलाई, बल्कि उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' खिताब से भी नवाजा गया। डलास में खेले गए इस मुकाबले की बात करें, तो सिएटल ओर्कास ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए छह विकेट खोकर 177 रन बनाए। सिएटल ओर्कास के लिए आरोन जोन्स ने 36 गेंदों में सर्वाधिक 44 रन जड़े, जबकि डेविड वॉर्नर ने 38 रन की पारी खेली। इनके अलावा शायन जहांगीर ने 26 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी टीम की ओर से आंद्रे रसेल ने तीन विकेट चकाए, जबकि ड्राई, शैडली वैन शाल्कविक और जेसन होल्डर ने एक-एक विकेट झटके।

### मुंबई की टीम को अलविदा कहने जा रहे पृथ्वी शॉ, एमसीए से मांगा 'एनओसी'

**मुंबई।** भारत के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने आगामी 2025/26 घरेलू क्रिकेट सत्र में मुंबई छोड़कर किसी अन्य टीम के लिए खेलने की इच्छा जताई है। इसके साथ उन्होंने मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) से 'एनओसी' भी मांगा है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के सचिव अभय हडप ने कहा, 'हां, यह सच है कि पृथ्वी शॉ ने एनओसी के लिए अप्लाई किया है। हमारी शीर्ष परिषद आज शाम तक फैसला लेगी।' शॉ ने एमसीए को दिए अपने एनओसी आवेदन में लिखा, 'करियर के इस मोड़ पर, मुझे एक दूसरे क्रिकेट एसोसिएशन के तहत पेशेवर क्रिकेट खेलने का एक मौका मिला है। मुझे यकीन है कि एक क्रिकेटर के रूप में खुद को और विकसित कर सकूंगा। इसके मद्देनजर, मैं आपसे विनम्र अनुरोध करता हूं कि मुझे एक एनओसी जारी करें, ताकि आगामी घरेलू सत्र में नए क्रिकेट एसोसिएशन प्रतिनिधित्व कर सकूं।' उन्होंने आगे लिखा, 'कृपया आश्वस्त रहें कि यह फैसला सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद और एमसीए के प्रति बेहद सम्मान के साथ लिया गया है। मैं वर्षों से दिए गए मार्गदर्शन और मंच के लिए एसोसिएशन का हमेशा आभारी रहूंगा।'

### क्लब विश्व कप: अल ऐन पर जीत के साथ नॉकआउट में पहुंची मैनचेस्टर सिटी

**अटलांटा।** मैनचेस्टर सिटी ने सोमवार को अल ऐन पर 6-0 की शानदार जीत। इसी के साथ उसने फीफा क्लब विश्व कप 2025 के राउंड ऑफ-16 में जगह बना ली है। इस जीत के साथ ही जुवेंटस का क्वालीफिकेशन भी तय हो गया है। इस मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी की ओर से इल्के गुंडोगन (8% और 73%) ने 2 गोल दोगे। इनके अलावा क्लाउडियो एचेवेरी (27%), एर्लिंग हैलेंड (45+5%), ऑस्कर बॉब (84%) और रेयान चेर्की (89%) ने टीम ने एक-एक गोल किए। पेप गार्डियोला की टीम हमेशा अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं रही, लेकिन जब गुंडोगन ने उन्हें आठवें मिनट में बढ़त दिलाई, उसके बाद से टीम ने लगातार पकड़ बनाए रखी।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]



**पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित**

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| ट्रेंट | 3.61 प्रतिशत |
| बीईएल | 3.15 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 1.20 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.71 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.58 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इंफोसिस | 2.29 प्रतिशत |
| एलटी | 2.11 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 2.10 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.59 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.29 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 98,884 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,06,800 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5900 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

## भारत में ईंधन की कमी नहीं होगी : पुरी

■ केंद्रीय मंत्री ने ईंधन की आपूर्ति की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का दिया आश्वासन

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इजरायल-ईरान युद्ध के कारण भारतीय उपभोक्ताओं को तेल आपूर्ति में किसी भी तरह की बाधा आने और ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिका द्वारा बमबारी के कारण मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि की आशंकाओं को दूर किया।

केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हम पिछले दो सप्ताह से मध्य पूर्व में बढ़ रही भू-राजनीतिक स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम पिछले कुछ वर्षों में अपनी आपूर्ति में विविधता लाए हैं और अब हमारी आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से नहीं आता है। उन्होंने बताया कि देश की तेल विपणन कंपनियों (इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम) के पास कई सप्ताह के लिए आपूर्ति है और उन्हें कई मार्गों से ऊर्जा आपूर्ति मिलती रहती है।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने आश्वासन दिया कि हम अपने नागरिकों को ईंधन की आपूर्ति की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे।

ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य/फारस की खाड़ी के उत्तरी किनारे पर स्थित है, जिसके माध्यम से सऊदी अरब और यूएई जैसे प्रमुख निर्यातक देशों से प्रतिदिन 20 मिलियन बैरल तेल का प्रवाह होता है। ईरान ने धमकी दी थी कि अगर अमेरिका, इजरायल के साथ संघर्ष में हस्तक्षेप करता है, तो वह इस मार्ग को अवरुद्ध कर देगा। मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष का सऊदी अरब, इराक, कुवैत और यूएई से तेल आपूर्ति पर प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, जिससे तेल की कीमतों में तेज उछाल आएगा। शिपिंग भी प्रभावित होने की आशंका है क्योंकि यमन के हूती विद्रोहियों ने पहले ही चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, तो वे अमेरिकी जहाजों पर अपने हमले फिर से शुरू कर देंगे। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है और तेल की कीमतों में उछाल से उसके तेल आयात बिल में वृद्धि होती है और मुद्रास्फीति की दर बढ़ जाती है, जो आर्थिक विकास को नुकसान पहुंचाती है।



देश की तेल विपणन कंपनियों के पास कई सप्ताह के लिए आपूर्ति है और उन्हें कई मार्गों से आपूर्ति मिलती रहती है : **हरदीप सिंह पुरी**

### मध्यपूर्व संकट से तेल की कीमतें 5 महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली।** ईरान में परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले के बाद सोमवार को तेल की कीमतें इस साल जनवरी के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकी दी, जिसके माध्यम से वैश्विक कच्चे तेल की आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत प्रवाह होता है। सोमवार को शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड फ्यूचर 1.92 डॉलर या 2.49 प्रतिशत बढ़कर 78.93 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 1.89 डॉलर या 2.56 प्रतिशत बढ़कर 75.73 डॉलर पर पहुंच गया। ब्रेंट क्रूड की कीमतों में 5 प्रतिशत तक की तेजी आई। हालांकि, कीमतें उन स्तरों पर टिक नहीं पाईं और लगभग तुरंत ही शुरुआती बढ़त कम हो गई। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी भंडार में उम्मीद से अधिक गिरावट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तीसरे सप्ताह तेजी जारी रही। इजरायल और ईरान के बीच चल रही शत्रुता ने मध्य पूर्व में आपूर्ति से जुड़ी चिंताओं को बढ़ा दिया है, जो वैश्विक तेल निर्यात के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यूएस एनर्जी इंफॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन (ईआईए) के अनुसार, पिछले सप्ताह कच्चे तेल के भंडार में 11.5 मिलियन बैरल की गिरावट आई, जो अनुमानित 2.3 मिलियन बैरल की गिरावट से काफी अधिक है। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के उपाध्यक्ष कमोडिटीज राहुल कलंत्री ने कहा, ‘आज के सत्र में कच्चे तेल को 74.20-73.40 डॉलर पर समर्थन और 75.65-76.20 डॉलर पर प्रतिरोध देखने को मिल रहा है। रुपए के संदर्भ में, कच्चे तेल को 6,400-6,320 रुपए पर समर्थन मिल रहा है, जबकि प्रतिरोध 6,580-6,690 रुपए पर है।



■ भारत के पास तेल की पर्याप्त आपूर्ति

## भारत का हर्बल व आयुर्वेदिक ओटीसी बाजार वैश्विक वृद्धि से आगे निकलने के लिए तैयार

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। भारत के हर्बल और आयुर्वेदिक ओटीसी (ओवर द काउंटर) मार्केट में 6.5 प्रतिशत की सीएजीआर से वृद्धि होने की उम्मीद है, जो 2025 में 69 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2033 के अंत तक 118 मिलियन डॉलर हो जाएगा। इस वृद्धि के साथ मार्केट वैश्विक रुझानों से आगे निकल जाएगा। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।

रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि, चुनौतियां बनी हुई हैं क्योंकि 2024 में 40 प्रतिशत नए लॉन्च को विनियामक बाधाओं का सामना करना पड़ा, केवल 20 प्रतिशत उत्पादों को क्लिनिकल मान्यता मिली है और गुणवत्ता संबंधी चिंताएं 30 प्रतिशत तक की पेशकशों को प्रभावित करती हैं, जिससे क्लिनिकल इलनेस के लिए उनकी विश्वसनीयता और अडॉप्शन को सीमित किया जाता है। हर्बल और आयुर्वेदिक ओटीसी इंडस्ट्री के बारे में बताया जाता है कि यह शानदार तेजी से बढ़ रही है। नवीनतम शोध के अनुसार, इंडस्ट्री ने 70 प्रतिशत से अधिक भारतीय घरों में मजबूती से प्रवेश किया है।

यह जानकारी 1लैटिस की हेल्थकेयर इंटेलिजेंस रिसर्च विंग मेडआईक्यू द्वारा किए गए नवीनतम उद्योग विश्लेषण से सामने आई है, जो उपभोक्ता व्यवहार में एक मौलिक बदलाव को उजागर करता है।



■ 70 प्रतिशत से अधिक भारतीय घरों में मजबूती से प्रवेश किया

## सोने व चांदी की कीमतों में उछाल

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को तेजी देखने को मिली। 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 98,800 रुपए प्रति 10 ग्राम से अधिक हो गई और चांदी की कीमत में 1200 रुपए से ज्यादा का उछाल दर्ज किया गया।



इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा सुबह जारी की गई कीमतों के अनुसार, 24 कैरेट के सोने की कीमत 98,884 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि शुक्रवार शाम को जारी कीमत, 98,503 रुपए प्रति 10 ग्राम से 381 रुपए अधिक है। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 90,578 रुपए हो गई है, जो कि पहले 90,229 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 74,163 रुपए हो गया है, जो कि पहले 73,878 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

आईबीजेए की ऑफिशियल वेबसाइट पर सोने और चांदी की कीमतों को दिन में सुबह और शाम दो बार अपडेट किया जाता है।

सोने के साथ चांदी की कीमत में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। चांदी की कीमत 1,208 रुपए बढ़कर 1,06,800 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि आखिरी कारोबारी दिन शाम को 1,05,592 रुपए प्रति किलोग्राम अपडेट की गई थी।

## भारत के पहले ऑफ-ग्रिड 5 मेगावाट ग्रीन हाइड्रोजन पायलट प्लांट शुरू

**अहमदाबाद,** 23 जून (एजेंसियां)। अदानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) ने सोमवार को गुजरात के कच्छ में भारत के पहले ऑफ-ग्रिड 5 मेगावाट ग्रीन हाइड्रोजन पायलट प्लांट के सफलतापूर्वक शुरू होने की घोषणा की, जो देश के क्लीन एनर्जी ट्रांजिशन में एक प्रमुख मील का पत्थर है।

यह स्टेट-ऑफ-द-आर्ट प्लांट 100 प्रतिशत सोलर एनर्जी से संचालित है और बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) के साथ इंटीग्रेटेड है, जिससे यह पूरी तरह से ऑफ-ग्रिड संचालित हो सकता है।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह प्लांट विकेंद्रीकृत, रिन्यूएबल एनर्जी से चलने वाले हाइड्रोजन प्रोडक्शन में एक नए प्रतिमान का प्रतिनिधित्व करता है।



कंपनी ने कहा कि एएनआईएल पायलट प्लांट भारत की पहली ऑफ-ग्रिड 5 मेगावाट की ग्रीन हाइड्रोजन सुविधा है, जिसमें पूरी तरह से स्वचालित, क्लोज्ड-लूप इलेक्ट्रोलाइजर सिस्टम है, जिसे रियल टाइम में रिन्यूएबल एनर्जी इनपुट के लिए गतिशील रूप से प्रतिक्रिया देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह विशेष रूप से सौर ऊर्जा की परिवर्तनशीलता को संबोधित करने में, दक्षता, सुरक्षा और प्रदर्शन सुनिश्चित करते हुए मूल्यवान ऑपरेशनल फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करता है। कंपनी की यह सफलता उभरती हुई ग्रीन हाइड्रोजन इकोनॉमी में इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और लीडरशिप के लिए अदानी समूह की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह प्लांट ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए ग्लोबल हब बनने की भारत की महत्वाकांक्षा का समर्थन करता है।

■ ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लिए ग्लोबल हब बनने की भारत की महत्वाकांक्षा का समर्थन करता है यह प्लांट

## ईरान पर अमेरिकी हमले से शेयर बाजार ढेर

■ सेंसेक्स 0.62 प्रतिशत का गोता लगाकर 81896.79 अंक पर

■ निफ्टी 0.56 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24971.90 अंक पर बंद

**मुंबई,** 23 जून (एजेंसियां)। ईरानी परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले के बाद ईरान की संभावित जवाबी कार्रवाई को लेकर सहमे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर आईटी, ऑटो, टेक और फोकस्ड आईटी समेत बारह समूहों में हुई भारी बिकवाली से शेयर बाजार लुढ़क गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 511.38 अंक अर्थात 0.62 प्रतिशत का गोता लगाकर 81896.79 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.50 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24971.90 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 45,571.69 अंक और स्मॉलकैप 0.57 प्रतिशत की तेजी लेकर 52,678.74 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4240 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2204 में लिवाली जबकि 1854 में बिकवाली हुई वहीं 182 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2995 कंपनियों के शेयरों में से 1545 में गिरावट जबकि 1364 में तेजी रही वहीं 86 में टिकाव रहा।




बीएसई के 12 समूहों में गिरवट का रुख रहा। इससे सीडी 0.03, एफएमसीजी 0.62, वित्तीय सेवाएं 0.15, हेल्थकेयर 0.10, आईटी 1.46, दूरसंचार 0.50, ऑटो 0.88, बैंकिंग 0.38, पावर 0.17, रियल्टी 0.19, टेक 1.10 और फोकस्ड आईटी के शेयर 1.48 प्रतिशत गिर गए। वहीं, कैपिटल गुड्स 0.94, धातु 0.71 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.73 प्रतिशत चढ़ गए।

वैश्विक स्तर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.09, हांगकांग का हैंगसेंग 0.67 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.65 प्रतिशत प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.27 और जापान के निक्केई में 0.13 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 704 अंक की भारी गिरावट के साथ 81,704.07 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,476.76 अंक के लिचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद 82,169.67 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 82,408.17 अंक के मुकाबले 0.62 प्रतिशत का गोता लगाकर 81896.79 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में इंफोसिस 2.29, एलटी 2.11, एचसीएल टेक 2.10, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.59, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.29, टीसीएस 1.19, पावरग्रिड 0.96, आईटीसी 0.92, मारुति 0.91, एचडीएफसी बैंक 0.91, एशियन पेंट 0.90, टेक महिंद्रा 0.85, एसबीआई 0.73, टाटा मोटर्स 0.71, रिलायंस 0.57, आईसीआईसीआई बैंक 0.54, टाइटन 0.51, एनटीपीसी 0.49, एक्सिस बैंक 0.47, सन फार्मा 0.14 और भारती एयरटेल 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, ट्रेंट 3.61, बीईएल 3.15, बजाज फाइनेंस 1.20, कोटक बैंक 0.71, बजाज फिनसर्व 0.58, इटरनल 0.43, टाटा स्टील 0.36, अडानी पोर्ट्स 0.31 और अल्ट्रासिम्को के शेयर 0.03 प्रतिशत लाभ में रहे।

## मई में 97 सौदों के जरिए भारत में पीई, वीसी निवेश 2.4 बिलियन डॉलर तक पहुंचा

**मुंबई,** 23 जून (एजेंसियां)। इस वर्ष मई में भारत में प्राइवेट इक्विटी और वेंचर कैपिटल (पीई-वीसी) निवेश 97 डील के जरिए 2.4 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। ईवाई-आईवीसीए की रिपोर्ट में बताया गया है कि पिछले महीने सबसे ज्यादा डील स्टार्टअप निवेश के माध्यम से हुई, इसके बाद ग्रोथ निवेश 0.7 बिलियन डॉलर रहा। सेक्टर दृष्टिकोण से, मई में फाइनेंशियल सर्विस टॉप सेक्टर रहा, जिसमें 758 मिलियन डॉलर का निवेश दर्ज किया गया, इसके बाद रियल एस्टेट (380 मिलियन डॉलर) का स्थान रहा। ईवाई में प्राइवेट इक्विटी सर्विसेज के पार्टनर और नेशनल लीडर विवेक सोनी ने कहा कि पीई/वीसी एक्टिविटी में सुस्ती बनी हुई है, जैसा कि लिमिटेड डील के प्रवाह और बड़ी डील (100 मिलियन डॉलर से अधिक के सौदे) में कमी से पता चलता है। भू-राजनीतिक तनाव, अमेरिकी टैरिफ नीति और अन्य बाहरी बाधाओं ने निवेशकों की धारणा को कमजोर कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप निवेशक सतर्क और वेट-एंड-वॉच अप्रोच अपना रहे हैं। डील की संख्या के संदर्भ में, प्योर-प्ले इंवेस्टमेंट में 16 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर एसेट क्लासेस में सालाना आधार पर 64 प्रतिशत की गिरावट आई।



### सार संक्षेप

#### दक्षिण कोरिया में विदेशी मुद्रा जमा राशि बढ़ी

**सोल।** दक्षिण कोरिया में मई में चार महीने बाद विदेशी मुद्रा जमा में बढ़ोतरी दर्ज की गई। यह बढ़ोतरी मुख्य तौर पर सिक्योरिटीज फर्मों में जमा राशि और कंपनियों की ओर से विदेशों में निवेश के लिए अस्थायी रूप से रखे गए फंड के कारण हुई। बैंक ऑफ कोरिया (बीओके) ने सोमवार को जारी ताजा आंकड़ों में यह जानकारी दी। बैंक ऑफ कोरिया के आंकड़ों के अनुसार, मई के अंत तक रेजिडेंट्स की तरफ से रखी गई विदेशी मुद्रा जमा राशि 101.36 अरब अमेरिकी डॉलर थी, जो एक महीने पहले की तुलना में 5.1 अरब डॉलर अधिक रही। बैंक ऑफ कोरिया के मुताबिक, रेजिडेंट्स में दक्षिण कोरियाई नागरिक, देश में छह महीने से अधिक समय से रह रहे विदेशी नागरिक और विदेशी कंपनियां शामिल हैं। समाचार एजेंसी योनहाप की रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी के बाद पहली बार इस आंकड़े में वृद्धि हुई है। बीओके के ताजा आंकड़ों में इंटरबैंक विदेशी मुद्रा जमा को शामिल नहीं किया गया है।

#### अभी भी ओला, उबर, रैपिडो, ‘एडवांस टिपिंग’ का दे रहे ऑप्शन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ओला, उबर इंडिया और रैपिडो जैसे राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म को उनके एडवांस टिपिंग फीचर को लेकर नोटिस जारी किया था, जिसके एक महीने से अधिक समय बाद भी, इन डिजिटल राइड-शेयरिंग प्लेटफॉर्म पर यह विवादास्पद फीचर एक्टिव है। प्लेटफॉर्म के इस फीचर के साथ यात्रियों की राइड शुरू होने से पहले ही ड्राइवर को टिप देने को कहा जाता है। कई यूजर्स ने इस फीचर को लेकर चिंता जताई और इसे मिसलीडिंग और अनफेयर बताया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कई यूजर्स ने शिकायत की है कि उन्हें या तो उकसाया गया या बिना स्पष्ट सहमति के टिप देने के लिए बाध्य किया गया। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि कई लोगों को लगता है कि इससे उन पर दबाव पड़ता है और ड्राइवरों को राइड स्वीकार करने पर अधिक नियंत्रण मिलता है।

#### आज खुलेगा एलनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज का आईपीओ

**अहमदाबाद।** एलनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 24 जून को खुलेगा। कंपनी की ओर से यहां जारी बयान में बताया गया है कि एलनबैरी इंडस्ट्रियल गैसेज लिमिटेड ने अपने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 380 से 400 रुपये प्रति शेयर तय किया है। प्रत्येक शेयर की फेस वैल्यू दो रुपय है। कंपनी का यह आईपीओ मंगलवार, 24 जून को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और गुरुवार, 26 जून को बंद होगा। निवेशक कम से कम 37 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं और इसके बाद 37 शेयरों के गुणक में बोली लगा सकते हैं। यह आईपीओ फ्रेश इश्यू और ऑफर फॉर सेल का मिक्स है। कंपनी 400 करोड़ रुपये तक के नए शेयर जारी करेगी। कंपनी के प्रमोटर पदम कुमार अग्रवाला और वरुण अग्रवाल, दोनों में से प्रत्येक 56,56,565 शेयर बेचेंगे।

## खाद्य तेलों में टिकाव, दालों में मिलाजुला रुख व अन्य जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 12 रिंगिट बढ़कर 4083 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.01 सेंट की बढ़त के साथ 54.47 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। **गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए और अरहर दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती जबकि मसूर दाल 300 रुपए, मूंग दाल 100 रुपए और उड़द दाल 200 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5600-5700, दाल चना 6600-6700, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9450-9550, उड़द दाल 9500-9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## रिकॉर्ड निर्यात व एफटीए के साथ भारत आर्थिक समृद्धि की नई राह पर अग्रसर : गोयल

■ निवेशकों का विश्वास बढ़ा है व अधिक प्रतिस्पर्धी व्यापार वातावरण बना

**नई दिल्ली,** 23 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि रिकॉर्ड निर्यात आंकड़ों और कई मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के साथ भारत आर्थिक समृद्धि की नई राह पर अग्रसर है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मजबूत डिजिटल इकोसिस्टम के समर्थन से प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित, त्वरित और अधिक पारदर्शी बनाया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि अत्याधुनिक भविष्योन्मुखी इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास एक दूसरा मुख्य आकर्षण रहा है। फोकस पूरी तरह से व्यवसायों को सशक्त बनाने और अधिक निवेश आकर्षित करने पर है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, हितधारकों के साथ परामर्श बढ़ाने, अनुपालन बोझ को कम करने और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में सुधार के परिणामस्वरूप छोटे व्यवसायों का सशक्तीकरण हुआ है, निवेशकों का विश्वास बढ़ा है और अधिक प्रतिस्पर्धी व्यापार वातावरण बना है।



इस वर्ष मई में भारत का कुल वस्तु और सेवाओं का निर्यात 71.12 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 2.77 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जबकि भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार युद्ध में वृद्धि के बावजूद अमेरिकी टैरिफ में वृद्धि हुई है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष मई में सकारात्मक वृद्धि दर्शाने वाले भारत के शीर्ष 5 निर्यात गंतव्य 16.93 प्रतिशत के साथ अमेरिका, 25.04 प्रतिशत के साथ चीन, 35.35 प्रतिशत के साथ ऑस्ट्रेलिया, 48.11 प्रतिशत के साथ रूस और 17.05 प्रतिशत के साथ जर्मनी हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वाणिज्य भवन को भारत के तेजी से बढ़ते वाणिज्य और इंडस्ट्री इकोसिस्टम के लिए एक मॉडर्न, कुशल, इंटीग्रेटेड और डेडिकेटेड हब के रूप में देखा गया है।

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर अर्पित की पुष्पांजलि

# डॉ. मुखर्जी के बलिदान से विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपाः डॉ. यादव



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान से आज भाजपा दुनिया की सबसे बडी पार्टी बनी है। डॉ. मुखर्जी ऐसे महानायक थे जो आजादी के पहले और बाद की विभीषिका को भांप लिया था।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आजादी से पहले अंग्रेजों के बंगभंग करने की साजिश को भांपकर आंदोलन चला दिया था। वहीं आजादी के बाद कश्मीर समस्या को भांपकर पूरे देश को आंदोलन किया और जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाने बलिदान दे दिया। डॉ. मुखर्जी ने हमारे मोर मुकुट कश्मीर में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान का विरोध किया। जम्मू-कश्मीर से धारा-370 हटाने के डॉ. मुखर्जी के संकल्प को प्रधानमंत्री मोदी ने साकार किया है। भाजपा कार्यालय में डॉ. मुखर्जी का पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद डॉ. यादव कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन हमें संदेश देता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। उन्होंने अपने जीवन की आहुति देकर देश की एकता और अखंडता की रक्षा की। ऐसे राष्ट्रनायक का स्मरण करना मात्र औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रीय चरित्र को सशक्त करने का माध्यम है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, जिला प्रभारी महेन्द्र सिंह, पूर्व सांसद आलोक संजर, ध्रुव नारायण सिंह, एस. एस उप्पल, विकास बोंद्रिया, श्रीमती वंदना जांचक, मंडल अध्यक्ष अभिषेक पुरोहित, बूथ अध्यक्ष गोविंद माउडी सहित जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डॉ. मुखर्जी के संकल्प हमारे प्रेरणा स्रोत : शर्मा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय इतिहास की एक ऐसी महान विभूति थे, जिनका जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और दृढ़ संकल्प का प्रतीक रहा है। वे केवल एक राजनीतिज्ञ ही नहीं, बल्कि एक विचारक, शिक्षाविद् और देशभक्त भी थे, जिनके संकल्प आज भी हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।



**भोपाल, देशबन्धु। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से सोमवार को सदस्य सुविधा समिति के सभापति नागेंद्र सिंह एवं सदस्य संदीप जायसवाल, राजेन्द्र भारती ने विधायकों एवं पूर्व विधायकों के विषयों पर चर्चा की ।**

# प्राक्कलन समिति की सिफ़ारिशों का कार्यान्वयन 6 माह में सुनिश्चित हो : अजय विश्नोई




**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति के सभापति अजय विश्नोई ने मांग की है कि लोकसभा की भांति राज्यों में समिति के मूल प्रतिवेदन में शामिल सिफ़ारिशों का क्रियान्वयन 6 माह में सुनिश्चित होना चाहिए। श्री विश्नोई आज मुंबई में महाराष्ट्र विधानसभा द्वारा आयोजित संसद तथा राज्य विधान मंडलों की प्राक्कलन समितियों के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समिति के परीक्षण का मूल उद्देश्य विभागों में सार्वजनिक धन का मितव्ययता के साथ सही उपयोग एवं प्रशासन में कार्यकुशलता लाना है। इस 2 दिवसीय सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा उप सभापति राज्य सभा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, विधान सभा अध्यक्ष एवं सांसद तथा राज्यों की प्राक्कलन समितियों के सभापति शामिल हुए। उन्होंने कार्य में निरंतरता के लिए समिति का कार्यकाल 2 वर्ष करने, समिति के प्रभावी कार्यकरण में महालेखाकार के सहयोग की व्यवस्था करने तथा समिति में विधि व वित्तीय प्रबंधन के जानकार सदस्यों को सदस्य बनाए जाने के भी सुझाव दिए। इसके पहले उन्होंने मध्यप्रदेश विधानसभा समिति द्वारा जांच में किए गए नवाचारों जैसे लोकस्वास्थ्य यांत्रिक विभाग के तहत नल-जल योजना, स्मार्ट सिटी योजना व डायल 100 जैसी योजनाओं के कार्यों की समीक्षा कर समिति द्वारा स्थल अवलोकन किया जाकर पाई विसंगतियों पर अधिकारियों को निर्देश देकर दुरुस्त कराने का उल्लेख किया।

इस अवसर पर विश्नोई के साथ चिंतामणि मालवीय, सोहन लाल बाल्मीक, आशीष शर्मा सदस्य तथा मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव डॉ ए.पी. सिंह , अवर सचिव श्री मनवानी मौजूद थे।

अंबेडकर प्रतिमा लगाने कांग्रेस का संविधान सत्याग्रह

# राजधानी में घर-घर जाकर बताई बाबा साहेब के संघर्ष और त्याग कहानी



**भोपाल, देशबन्धु।** ग्वालियर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना के लिए कांग्रेस का संविधान सत्याग्रह शुरू हो गया है। इसके तहत आज राजधानी में घर-घर जाकर बाबा साहेब के संघर्ष और त्याग की दास्तां कांग्रेस जनों ने बयां की। सत्याग्रह अभियान के तहत ग्रामीण जिला कांग्रेस द्वारा ग्राम मुगालिया छाप और शहर जिला कांग्रेस द्वारा संत हिरदाराम नगर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने संविधान सत्याग्रह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्वालियर उच्च न्यायालय परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की स्थापना को लेकर उपजे विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि यह संविधान विरोधी ताकतों की सुनियोजित साजिश है, जो देश के मूलभूत सिद्धांतों को कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं। श्री पटवारी ने कहा कि हम बाबा साहब के विचारों और उनके द्वारा रचित संविधान की रक्षा के लिए हर मंच से संघर्ष करेंगे। ग्वालियर में मूर्ति स्थापना को लेकर जो विवाद खड़ा किया गया है, वह सिर्फ बाबा साहब पर नहीं, पूरे भारत के लोकतंत्र पर हमला है।

### संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण का लिया संकल्प

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी आज हुजूर विधानसभा के ग्राम मुगलिया छाप की दलित बस्ती इंदिरा कॉलोनी में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित संविधान सत्याग्रह के आयोजन में शामिल हुए। इस दौरान सभी ने मिलकर संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनोखी पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री यादव ने दिल्ली में केन्द्रीय संचार सिंधिया से की मुलाकात

प्रदेश के विकास पर हुई बात



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर आत्मीय मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं में प्रदेश के विकास से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों, जनकल्याण और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयान से संबंधित विषयों पर चर्चा की। इस दौरान नवाचार, डिजिटल सेवाओं की पहुंच और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के बीच हुई इस चर्चा में प्रदेश के विषयों को प्राथमिकता दी गई। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने राज्य के विकास, जनकल्याण और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित विषयों पर चर्चा की। नवाचार, डिजिटल सेवाओं की पहुंच और ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया। सिंधिया ने राज्य और केंद्र सरकार के बीच समन्वय को उपयोगी बताते हुए योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने को कहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**ईरान के समर्थन में आया रूसः** ग्रिड के बाधित होने की सूचना है। इजरायली रक्षा बलों ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि ईरान से 40 मिनट की अवधि में चार श्रृखंलाओं में छह-सात मिसाइलें दागी की गईं। इजरायल इलेक्ट्रिक कॉरपोरेशन ने कहा कि बैलिस्टिक मिसाइल दक्षिणी इजरायल में एक 'रणनीतिक बुनियादी ढांचा सुविधा' के पास टकराई जिससे क्षेत्र के कई शहरों में अस्थायी रूप से बिजली गुल हो गई।

**सपा ने तीन विधायकों को पार्टी :** लेते और सपा की राजनीतिक लाइन से खुद को दूर रखते रहे हैं। अपने निष्कासन के बावजूद तीनों विधायक तकनीकी रूप से विधानसभा रिकॉर्ड में समाजवादी पार्टी के विधायक बने हुए हैं, जब तक कि आगे कोई विधायी कार्रवाई नहीं की जाती। पार्टी ने अपने पोस्ट में कहा, इन लोगों को हृदय परिवर्तन के लिए दी गई 'अनुग्रह-अवधि' की समय-सीमा अब पूर्ण हुई, शेष की समय-सीमा अच्छे व्यवहार के कारण शेष है। भविष्य में भी 'जन-विरोधी' लोगों के लिए पार्टी में कोई स्थान नहीं होगा और पार्टी के मूल विचार की विरोधी गतिविधियां सदैव अक्षम्य मानी जाएंगी। वहीं, पार्टी ने अपने पोस्ट के अंत में कहा, 'जहां रहें, विश्वसनीय रहें।

**मध्यप्रदेश ने 4 शीर्ष राज्यों में:** सम्मेलन के उद्घाटन करने के लिए निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में केंद्र सरकार के सहयोग से जनजातीय अंचल धार में पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क विकसित किया जा रहा है। उन्होंने पार्क के भूमि-पूजन और औद्योगिक खंडों के आवंटन के लिए भी प्रधानमंत्री श्री मोदी को आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि भोपाल में मेट्रो ट्रेन इस वर्ष अक्टूबर माह तक प्रारंभ हो जाएगी, प्रधानमंत्री श्री मोदी को इसका करने का न्यौता भी दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नक्सलवाद समाप्त करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि विगत डेढ़ वर्ष में 10 से अधिक नक्सलवादी मारे गए हैं जिन पर एक करोड़ 62 लाख रुपए का इनाम था। प्रदेश का बालाघाट एकमात्र नक्सल प्रभावित जिला था, जिसमें तहसील स्तर पर ही कुछ नक्सल गतिविधियां रह गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह की घोषणा के अनुरूप मार्च 2026 तक प्रदेश में नक्सलवादी गतिविधियों पर पूरी तरह से काबू पा लिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार ने विगत नौ वर्षों से कर्मचारियों की रुकी हुई पदोन्नति का समाधान निकाला है। कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए पदोन्नति के नए नियम बनाए गए हैं, जिससे लगभग 5 लाख कर्मचारियों को फायदा होगा और 2 लाख से अधिक नवीन पदों की भर्ती का रास्ता खुलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि तीन हजार वर्ष पूर्व महाकाल की नगरी उज्जैन से कालगणना की जाती थी, जिसे औपनिवेशिक शक्तियों के कारण पहले पेरिस और फिर ग्रीनविच को स्टैंडर्ड टाइम बना दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एशिया के वैज्ञानिक सहमत हैं कि समय की शुद्ध गणना पूर्व दिशा से होनी चाहिए, जिसके लिए भारत सर्वोत्तम देश है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने उज्जैन के निकट एक नई वेधशाला स्थापित की है, जो भविष्य में समय गणना का केंद्र बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में जनवरी में स्टैंडर्ड टाइम के संबंध में एक वैश्विक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी को इस सम्मेलन का भी आमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य ने आदिकाल में सुशासन और गणतंत्र की स्थापना की थी। इनकी गौरव गाथा को महानाट्य के माध्यम से देश के विभिन्न शहरों में मंचन किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अलंकरण शुरू करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है, जिसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री मोदी से सहयोग का निवेदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि केंद्र सरकार के मूलमंत्र 'सबका साथ-सबका विकास' सबका प्रयास और सबका विकास पर प्रदेश सरकार कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रही है।

# गुरुदेव-गांधी शताब्दी मिलन समारोह आज, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उद्घाटन



**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और नारायण गुरुदेव के ऐतिहासिक मिलन की 100वीं वर्षगांठ पर आयोजित 'गुरुदेव-गांधी शताब्दी समारोह' का विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलवार सुबह 9 बजे शिवगिरी मठ और प्रार्थना संघ, दिल्ली के संन्यासियों द्वारा भजन, जप और ध्यान के साथ होगा। मुख्य समारोह का उद्घाटन 11 बजे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया जाएगा।

अध्यक्षीय भाषण श्री नारायण धर्म संगम ट्रस्ट के अध्यक्ष ब्रह्मश्री स्वामी सत्चिदानंद द्वारा दिया जाएगा। श्री नारायण धर्म संगम ट्रस्ट के महासचिव श्रीमठ स्वामी शुभमगनंद का संबोधन भी होगा। आयोजन के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री, अल्पसंख्यक कार्य, मत्स्य पालन और डेयरी जॉर्ज कुरियन प्रमुख अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

अडूर प्रकाश (सांसद) एवं राजीव चंद्रशेखर (पूर्व केंद्रीय मंत्री) समारोह को संबोधित करेंगे। इस ऐतिहासिक आयोजन में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संगठनों के प्रमुख प्रतिनिधि, संसद सदस्य एवं गणमान्य अतिथि बड़ी संख्या में शामिल। कार्यक्रम के दूसरे सत्र की अध्यक्षता ब्रह्मश्री स्वामी सत्चिदानंद करेंगे, जबकि उद्घाटन केन्द्रीय राज्यमंत्री पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस एवं पर्यटन सुरेश गोपी करेंगे। मुख्य वक्ता सांसद एन. के. प्रेमचंद्रन होंगे। इस सत्र में कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रवासी भारतीय उद्योगपतियों एवं सामाजिक नेताओं को सम्मानित किया जाएगा। वहीं अंतिम सत्र का उद्घाटन दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता करेंगी। मुख्य अध्यक्षता भारत के महान्यायविद आर. वेंकटरामणी करेंगे। इस सत्र में कई सांसद, सामाजिक कार्यकर्ता, वकील, संगठनों के अध्यक्ष एवं प्रमुख गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे। भोपाल के नारायण गुरु समाज का प्रतिनिधित्व उपाध्यक्ष श्रीमती श्यामला सोमन कर रही है ।

## स्पोर्ट्स साइंस और न्यूट्रीशियन पर कार्यशाला संपन्न

**भोपाल, देशबन्धु।** विश्व ओलंपिक डे पर मध्यप्रदेश में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा स्पोर्ट्स साइंस एवं स्पोर्ट्स न्यूट्रीशियन विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण और संतुलित पोषण की जानकारी देना रहा। कार्यशाला में प्रदेश के सभी जिलों के खिलाड़ी, कोच, खेल अकादमी के प्रशिक्षक एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल हुए। विशेषज्ञों द्वारा खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के दौरान स्पोर्ट्स न्यूट्रीशियन, रिकवरी प्रोसेस, हाइड्रेशन, मसल रिकवरी, एनर्जी मैनेजमेंट, और इंटेंसिव ट्रेनिंग के दौरान पोषण की भूमिका पर गहन जानकारी दी गई। कार्यशाला में खिलाड़ियों के लिए ऊर्जा युक्त और संतुलित आहार का महत्व, विभिन्न खेलों के अनुसार आवश्यक पोषण तत्वों की जानकारी दी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की सर्वे रिपोर्ट में मारी बाजी

# ग्वालियर के गौरव सिविल अस्पताल हजीरा को मप्र में मिला प्रथम स्थान

### ऊर्जा मंत्री तोमर ने दी बधाई



**भोपाल, देशबन्धु।** उप नगर ग्वालियर में स्थापित सिविल अस्पताल हजीरा ने सेवा, समर्पण और सतत प्रयासों की शानदार मिसाल बनते हुए एक नहीं, दो-दो गौरवशाली उपलब्धियाँ अपने नाम की हैं। इस अस्पताल ने भारत सरकार द्वारा विकसित कायाकल्प मापदण्ड अनुरुप उत्कृष्ट कार्य कर कायाकल्प फाइनल मूल्यांकन में 94.43 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम पुरुस्कार प्राप्त किया है। सिविल अस्पताल हजीरा द्वारा अपने कार्यों से उच्च स्तर की गुणवत्ता पूर्ण संक्रमण रहित स्वास्थ्य सेवायें विकसित की हैं। इस अस्पताल में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य से जनमानस में भी स्वास्थ्य संस्था के प्रति विश्वास सुदृढ़ हुआ है। इस उपलब्धि के साथ ही सिविल अस्पताल हजीरा ने बेस्ट ईको-फ्रेंडली चिकित्सालय पुरस्कार 2023-24 प्राप्त कर ग्वालियर वासियों को गर्व, प्रेरणा और आत्मीय खुशी का अवसर प्रदान किया है।

सिविल अस्पताल हजीरा को मिली इस सफलता पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि यह ग्वालियर के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि संभव हो सकी। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सिविल अस्पताल हजीरा की पूरी टीम ने दिन-रात मेहनत कर यह सिद्ध किया है कि जब सेवा में संवेदना हो और कार्य में ईमानदारी हो तो परिणाम सिर्फ सम्मान के साथ सभी को गौरवान्वित भी करते हैं।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सिविल अस्पताल, हजीरा की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस उपलब्धि ने आपने न सिर्फ ग्वालियर को गौरवांवित किया, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की नई परिभाषा गढ़ी है। ग्वालियर के नागरिकों के लिए यह उपलब्धि गर्व से सीना चौड़ा करने वाली है।अधोसंरचना विकास हो या फिर चिकित्सकीय सुविधा उप नगर ग्वालियर में हजीरा सिविल अस्पताल ने मिसाल कायम की। यही वह वजह है कि मध्यप्रदेश में इस अस्पताल को नई पहचान मिली है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने लोगों से अपील की है कि वे ग्वालियर को स्वच्छता में नंबर एक बनाने के लिए आगे आएं।

# खंडवा ने जल संचय में ऐतिहासिक उपलब्धि की हासिल

- जिला प्रशासन और जनता की प्रतिबद्धता ने बनाया नंबर वन
- जल संरक्षण की दिशा में निरंतर बढ़ रहे कदम



**भोपाल, देशबन्धु।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कैच द रेन की जल संचय, जन भागीदारी मुहिम से खंडवा जिले ने जल संरक्षण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की राष्ट्रीय रैंकिंग में खंडवा ने 1,29,046 से अधिक जल संरचनाओं के निर्माण और पंजीकरण के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्षा जल संचयन और सामुदायिक सहभागिता के दृष्टिकोण को साकार करती है। इस पहल ने जहां गिरे, जब गिरे-वर्षा का जल संचित करें के मंत्र को चरितार्थ किया है। देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने की उपलब्धि से जिले में उत्साह का माहौल है। जनता और जिला प्रशासन जल संरक्षण के लिए कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे हैं। जिला प्रशासन के प्रयासों से न केवल भूजल स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, बल्कि वर्षा जल का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित कर भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा को मजबूत किया गया है। स्थानीय निवासियों ने गर्व के साथ कहा, हमारा जिला जल संचय और संरक्षण में देश में अव्वल है। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है। हम प्रशासन के साथ मिलकर हर बूंद को संरक्षित करने के लिए और अधिक प्रयास करेंगे। जिला प्रशासन ने जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप दिया है। खास तौर पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने के लिए जिले में व्यापक स्तर पर कार्य हो रहा है। सभी शासकीय भवनों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद यह अभियान शासकीय आवासों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और दो मंजिला आवासीय भवनों तक चरणबद्ध रूप से विस्तारित होगा।

खण्डवा कलेक्टर ऋषभ गुप्ता ने कहा रूफ वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से हम जल संकट से निपट सकते हैं और पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने जिले की सभी पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने और जनता से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है। इस अभियान को गति देने के लिए विगत दिवस एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, स्थानीय नागरिकों और विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग की तकनीकी जानकारी, लाभ और स्थापना प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने बताया कि यह तकनीक भूजल स्तर को बढ़ाने के साथ-साथ वर्षा जल के बेहतर उपयोग को सुनिश्चित करती है।

जिले में निरंतर जल संवाद किए जा रहे हैं।अब नुक्कड़ नाटक, कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों के माध्यम से भी जनता को जागरूक किया जाएगा।गांव-गांव में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से प्रभात फेरी और रंगोली बनाने जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिले की यह उपलब्धि दर्शाती है कि सामूहिक प्रयासों से जल संरक्षण का लक्ष्य संभव है। जल संरक्षण सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की नींव भी रखता है।

### युद्ध किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं : पाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान-इजराइल में बढ़ रहे तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति के साथ फोन पर बातचीत में शांति से मुद्दों को सुलझाने की अपील की है। उनकी इस बातचीत पर भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने सोमवार को कहा कि पीएम मोदी ने हमेशा कहा है कि युद्ध किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं है।

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
(अल्पसंख्यक संस्थान) ऑन लाईन प्रक्रिया से मुक्त
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
UG COURSE
B.A., BCA, BBA, B.P.E.S., B.Sc., B.Lib B.Com (Economics/ Computer/Hon's)


PG COURSE
M.A : Hindi, English. Maths, Economics History, Political Science, Sociology & Social Work
M.Sc : Zoology, Botany, Chemistry, Physics, Computer Science, Microbiology & Biotechnology
M.Com: Accounts & Management
B.Ed.: Bachelor of Education
(Online Counselling)
Direct Admission
DIPLOMA COURSE
P.G.D.Y.S : PG Diploma In Yogic Science
P.G.D.C.A. : PG Diploma in Computer Appcation
D.El.Ed. : Diploma in Elementary Education
www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com
Mob. 9827208070, 9425346230
9893194695, 9981291288, 7828186626
डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।